## तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिर की छत गिरी, महिला श्रद्धालु की मौत, दो घायल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के त्रिची में प्रसिद्ध सामयापुरम मरियम्मन मंदिर के मंडपम में सो रही एक महिला श्रद्धालु की छत का हिस्सा गिरने से मौत हो गई। सामयापुरम मरियम्मन मंदिर तमिलनाडु के सबसे बड़े शक्ति मंदिरों में से एक है। दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल चलकर यहां आते हैं, रात को मंडपम में रुकते हैं और सुबह माता मरियम्मन के दर्शन करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक थंजावुर जिले से अपने परिजनों के साथ आई नथिया (32) अन्य श्रद्धालुओं के साथ मंडपम में सो रही थी। रात को अचानक छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर तीन महिलाओं पर आ गिर गया। नथिया को भी इस हादसे में गंभीर चोटें आईं उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दो अन्य महिलाओं को वहां मौजूद दूसरे श्रद्धालुओं ने बचाया और अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। यह सवाल उठ रहे हैं कि इतने बड़े और प्रसिद्ध मंदिर में इमारत की नियमित जांच क्यों नहीं होती और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा। यह हादसा उस वक्त हुआ जब मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। एक तरफ जहां लोग आस्था लेकर आते हैं वहीं इस तरह की घटनाएं मंदिर प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

## पटना के दलदली रोड में भीषण अग्निकांड, मकान में फंसे 4 लोग, फायरकर्मियों ने किया रेस्क्यू

पटना (एजेंसी)। राजधानी के गांधी मैदान थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली रोड में शनिवार देर रात एक आवासीय मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब प्रेम कुमार नामक व्यक्ति के मकान में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि महज पांच मिनट के भीतर पूरी बिल्डिंग धू-धू कर जलने लगी। आग की तेज लपटों और धुएं के गुबार को देखकर आसपास के घरों के लोग और दुकानदार जान बचाकर बाहर की ओर भागे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि संकरी गलियां और पतले रास्ते होने के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया हालांकि, जब तक आग बुझाई जा सकी, तब तक मकान के भीतर रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो चुका था। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेलिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

नूंह (एजेंसी)। हरियाणा के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च को सिटी थाना फिरोजपुर झिरका में मामला दर्ज किया गया। यह केस हरियाणा धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2022 और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता महिला, जो पंजाबी समुदाय से बताई जा रही है, ने आरोप लगाया है, कि आरोपी जाहिर पुत्र यूनुस ने पहले उससे ऑनलाइन दोस्ती की। बाद में शादी का झांसा देकर उसे मेवात क्षेत्र में बुलाया, जहां एक होटल में उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने घटना के दौरान अश्लील वीडियो बना लिया और बाद में उसी के जरिए उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि आरोपी लगातार धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालता रहा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने महिला को धमकाकर वहां से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से संपर्क कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और न्याय की मांग की। पुलिस ने आरोपी की पहचान जाहिर पुत्र यूनुस, निवासी फिरोजपुर झिरका के रूप में की है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी अजायब सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बीजेपी सांसद और विधायक ने किया कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

### -पालम की बदलेगी तस्वीर, भविष्य की योजनाओं पर होगा तेजी से काम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली से बीजेपी सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक कुलदीप सोलंकी ने शनिवार को 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। इन योजनाओं के तहत क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं, जैसे सड़कों, गलियों, नालियों और पार्कों को आधुनिक और बेहतर बनाया जाएगा। एक शिलान्यास समारोह के दौरान बिधूड़ी और सोलंकी ने विकास कार्यों की नींव रखी। इस बजट से पालम गांव में होगी सड़क और ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के पार्कों में दो नए जिम और बच्चों के लिए लगाए जाएंगे झूले, राजनगर की गलियों का पुनर्निर्माण, गोकल गार्डन की सड़क, शिक्षा भारती से रामफल चौक तक की सड़क, सेक्टर-7 की मुख्य रोड और वर्धमान माल से दादा देव श्मशान घाट तक की सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पूरे पालम विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए कुल 187 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने पिछले एक साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि दिल्ली में आरोग्य मंदिर, इलेक्ट्रिक बसें, अटल कैंटीन और स्कूलों में कंप्यूटर जैसी सुविधाओं पर तेजी से काम हुआ है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यमुना की सफाई, सीवर मास्टर प्लान और पानी की पुरानी पाइपलाइनों को बदलने जैसी बड़ी परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। इन कार्यों के पूरा होने से दिल्ली तेजी से विकास के पथ पर दौड़ती नजर आएगी।

# पुरुलिया रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा...

## बंगाल में अगर बीजेपी आई तो लोग मछली, मांस और अंडे नहीं खा पाएंगे



**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, कि यदि बीजेपी राज्य में सत्ता में आती है, तो वह बंगाल की पारंपरिक खान-पान संस्कृति पर रोक लगा सकती है। बीजेपी के आने पर लोग मछली, मांस और अंडे नहीं खा पाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ऐसे विचारों को बढ़ावा देती है, जिनमें मछली, मांस और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध की बात कही जाती है। उन्होंने दावा किया कि यह बंगाल की सांस्कृतिक पहचान पर सीधा हमला होगा। उन्होंने भाजपा पर धार्मिक और जातीय विभाजन करने के साथ ही दंगे भड़काने के आरोप भी लगाए।


टीएमसी सुप्रीमो ममता ने बीजेपी शासित राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां आदिवासियों का शोषण होता है और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। अपने भाषण में ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं द्वारा टीएमसी के खिलाफ जारी की गई 'चार्जशीट' निराधार है और असल में भाजपा को अपने पिछले रिकॉर्ड का जवाब देना चाहिए। उन्होंने गुजरात के दंगों का जिक्र करते हुए बीजेपी की आलोचना की।

इसके साथ ही ममता बनर्जी ने राज्य सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव से पहले लाभ देने का वादा करती है, लेकिन बाद में योजनाओं को बंद कर देती है।

चुनाव आयोग की प्रक्रिया 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने दावा किया कि करीब 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनमें उनके समर्थक शामिल हैं। साथ ही, उन्होंने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादलों को लेकर भी असंतोष जताया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की 294 सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी।

## भारत की पाकिस्तान-बांग्लादेश बॉर्डर पर एंटी ड्रोन-सेंसर से निगरानी : चीन सीमा पर पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर और गलवान झड़प के बाद सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर एंटी-ड्रोन, सेंसर और लेजर की मदद से निगरानी की जा रही है। वहीं, लद्दाख में चीन सीमा पर 29 नए आउटपोस्ट तैयार किए गए हैं। साथ ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सालना रिपोर्ट 2024-25 के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान सीमा पर जम्मू क्षेत्र और भारत-बांग्लादेश सीमा पर धुबरी में 5-5 किमी इलाके में 'कंप्रीहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम' (सीआईबीएमएस) के दो पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। सीआईबीएमएस कई तकनीकों और संसाधनों का एक नेटवर्क है। वहीं, म्यांमार सीमा पर अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में 'हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम' पर काम जारी है। सीमाओं पर ड्रोन के बढ़ते खतरे को देखकर सुरक्षा बलों को स्पेशल ट्रेनिंग और मॉडर्न उपकरणों से लैस किया जा रहा है। यह सिस्टम अवैध हवाई घुसपैठ का पता लगाने और खत्म करने में प्रभावी है। जीआईएस लेयर और पीएम गति शक्ति पोर्टल का इस्तेमाल सीमावर्ती बुनियादी ढांचे की सटीक मैपिंग और रणनीतिक योजना बनाने के लिए हो रहा है। यह संवेदनशील इलाकों की निगरानी सुनिश्चित करता है। आईटीबीपी ने 2022 से 2024 के बीच 29 नए बॉर्डर आउटपोस्ट बनाए हैं। इससे कुल संख्या 209 हो गई है। यह बढ़ोतरी जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद की गई है। तब आईटीबीपी के 180 आउटपोस्ट थे। नए आउटपोस्ट बनने से दूर-दराज के हाई-एल्टीट्यूड इलाकों में आईटीबीपी की सालभर मौजूदगी बनी रहेगी। साथ ही फॉरवर्ड पोस्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017-18 में आईटीबीपी औसतन 173 पेट्रोलिंग प्रति माह करता था। यह संख्या 2023-24 में बढ़कर करीब 500 प्रति माह हो गई, यानी करीब 3 गुना बढ़ोतरी हुई है।



## अमेठी में पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के घर से 1400 लीटर पेट्रोल-डीजल किया जब्त

अमेठी। यूपी के अमेठी में डीजल-पेट्रोल की कमी की अफवाहों और पेट्रोल पंप पर लग रही भीड़ को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में सपा कार्यकर्ता के घर से भारी मात्रा में तेल बरामद किया गया है, जिसके बाद प्रशासन ने बरामद तेल को जब्त करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा मामला जनपद अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भरेथा निधि के पुरवा गांव का है। जहां शनिवार को प्रशासन को सूचना मिली थी की कि किसी घर में बड़ी मात्रा में डीजल और पेट्रोल रखा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने करीब 1400 लीटर डीजल-पेट्रोल बरामद किया है। तेल को चार नीले ड्रम, एक पानी की टंकी और चार छोटे डिब्बों में भरकर अवैध रूप से डंप किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर तेल जमा करने वाले दयाराम यादव के खिलाफ विधिक कार्यवाही शुरू कर तेल जब्त कर लिया है। वहीं दयाराम यादव समाजवादी पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति का करीबी बताया जा रहा है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद सप्लाई विभाग के अधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम चौधरी ने बताया की सूचना पर पहुंचकर छापा मारा गया।

## बिना पट्टे के कुत्ते को घुमाया, सड़कों पर गायों या भैंसों को बांधा तो लगेगा जुर्माना

### -दिल्ली नगर निगम के बदलेंगे नियम, लोकसभा में जन विश्वास विधेयक हुआ पेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम ने पुराने नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर ली गई है। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में जन विश्वास विधेयक, 2026 पेश किया है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य छोटे अपराधों के लिए जुर्माने की राशि को बढ़ाना और पुराने कानूनों को आज के समय के मुताबिक प्रासंगिक बनाना है। नए विधेयक में यदि कोई मालिक अपने पालतू कुत्ते को बिना पट्टे के सड़क पर घुमाता है, तो उसे अब 50 रुपए के बजाय 1,000 रुपए जुर्माना देना होगा। इसी तरह सड़कों पर गायों या भैंसों को बांधने पर भी जुर्माने की राशि 100 से बढ़ाकर 1,000 रुपए करने का प्रस्ताव है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और पेशाब करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। पहले इसके लिए 50 रुपये का जुर्माना लगता था, जिसे अब बढ़ाकर 500 रुपए किया जा रहा है। गंदगी न हटाने पर पहली बार पकड़े जाने पर चेतावनी दी जाएगी, लेकिन दूसरी बार उल्लंघन करने पर सीधे 500 रुपए का जुर्माना लगेगा। कूड़ा फेंकने या सड़क पर गंदगी बहाने पर भी अब 50 के बजाय 200 रुपए देने होंगे।

विधेयक में कई अन्य नागरिक नियमों के उल्लंघन पर भी दंड बढ़ाया गया है। मकान नंबर मिटाने पर जुर्माना 50 से बढ़ाकर 1,000 रुपए करने का प्रस्ताव है। खतरनाक आतिशबाजी पर 50 की जगह पर अब 500 रुपए देने होंगे। निगम अधिकारी को परिसर में आने से रोकने पर जुर्माना 50 से बढ़कर 500 रुपए किया जा रहा है। आदेश के बाद भी असुरक्षित इमारत में रहने पर जुर्माना 200 से बढ़ाकर 1,000 रुपए किया गया है। विधेयक में एक मानवीय बदलाव भी किया गया है। पुराने नियम के तहत, यदि कोई सफाईकर्मी बिना सूचना दिए काम से गायब रहता था, तो उसे एक महीने की जेल हो सकती थी। नए प्रस्ताव में इस अपराध की श्रेणी को खत्म कर दिया गया है और जेल की जगह केवल 500 रुपए का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

# शादी के समय लड़कों के डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच को अनिवार्य करने बने कानून

### -आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्र सरकार से किया आग्रह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि शादी के समय लड़कों के डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच को अनिवार्य बनाने के लिए कानून बनाया जाए। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई थी। कंग ने कहा था कि आज हमारे समाज में तलाक और घरेलू हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। जब नया रिश्ता जुड़ता है तो लड़की के बारे में बहुत जांच-पड़ताल की जाती है, लेकिन लड़कों को लेकर उतनी जांच-पड़ताल नहीं होती। उनका कहना था कि शादी के समय लोग इस तरह की चीजें छिपा लेते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि एक कानून बनाया जाए कि शादी के समय डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि शादी के बाद कई बार सामने आता है कि लड़का गंभीर रूप से बीमार है या फिर वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। इससे महिलाओं के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कंग ने कहा कि दूल्हे के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए कि वह मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और डोप टेस्ट का सर्टिफिकेट लड़की वालों के सामने पेश करे और तभी शादी हो।

कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह ने सरकार से ऑनलाइन कारोबार पर अंकुश लगाने और छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हितों के संरक्षण की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को शून्य काल में इस बारे में नियम बनाने और छोटे दुकानदारों और मझौले व्यापारियों का व्यवसाय को बचाने के उपाय करने की सरकार से मांग की। वहीं सपा के वीरेन्द्र सिंह ने किसानों के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने पर बिल बढ़कर आने तथा प्रीपेड मीटर लगाने से उन्हें हो रही कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनकी समस्यायें दूर करने की मांग की।

बीजेपी के निशिकांत दुबे ने मुस्लिमों और ईसाइयों से विवाह करने वाली आदिवासी युवतियों का अनुसूचित जनजाति का दर्जा समाप्त करने की मांग की। बीजेपी के ही चन्दूभाई छगनभाई शिहोरा ने गुजरात के सुरेन्द्र नगर इलाके के नमक किसानों को बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करने और उन्हें भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। सपा के आनंद भदौरिया ने यूपी में शहीदों और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किये जाने का मुद्दा उठाया और इसके दोषियों को सजा देने की मांग की। कांग्रेस के डॉ. प्रशांत यादव राव पडोले ने 2027 की जनगणना के लिए तय प्रारूप के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग को भी जोड़ने की मांग की।

## 25 साल पुराना सपना सच, भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट से अगले 60 दिनों में शुरू होंगी उड़ानें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन के साथ ही भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को किए गए इस उद्घाटन के बाद अब सभी की निगाहें कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू होने पर टिकी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया है कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम की अंतिम मंजूरी मिलते ही यहाँ से व्यावसायिक उड़ानें पूरी तरह शुरू हो जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 45 से 60 दिनों के भीतर सभी सुरक्षा मानक पूरे कर लिए जाएंगे और एयरपोर्ट एंट्री पास जारी होने के बाद स्टेकहोल्डर्स अपना काम शुरू कर सकेंगे।

लगभग 6,200 हेक्टेयर भूमि पर पांच चरणों में विकसित किए जा रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का पहला चरण 11,200 करोड़ रुपये की लागत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर तैयार हुआ है। शुरुआत में यहाँ से घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा, जिसमें दिल्ली और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए सेवाएं विस्तार लेंगी। जहाँ तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का सवाल है, इसमें थोड़ा अधिक समय लग सकता है क्योंकि इसके लिए आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग की गहन समीक्षा और मंजूरी अनिवार्य है। हालांकि, इंडिगो जैसी प्रमुख एयरलाइन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कनेक्टिविटी के मामले में यह एयरपोर्ट देश के सबसे सुगम हवाई अड्डों में से एक होगा। इसे यमुना एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े सड़क मार्गों से जोड़ा गया है। साथ ही रेल और मेट्रो कनेक्टिविटी पर भी तेजी से काम चल रहा है। एयरपोर्ट के आसपास फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क और सेमीकंडक्टर पार्क जैसी औद्योगिक इकाइयां विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना से सीधे तौर पर 50,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। तकनीकी रूप से यह एयरपोर्ट वैश्विक स्तर का है। पहले चरण में 3,900 मीटर लंबा रनवे तैयार किया गया है, जो आधुनिक नेविगेशन सिस्टम और हर मौसम में उड़ान भरने की सुविधा से लैस है। यहाँ 40 एकड़ में विमानों की मरम्मत के लिए विशेष केंद्र बनाया गया है। भविष्य में यहाँ कुल 8 रनवे बनाने की योजना है। एयरपोर्ट का डिजाइन बनारस के घाटों और भारतीय हवेलियों की वास्तुकला से प्रेरित है, जो इसे सांस्कृतिक पहचान भी देता है। फार्म टू ग्लोबल मार्केट मॉडल के तहत यहाँ से पश्चिमी यूपी के किसानों के उत्पाद और राज्य के करीब 1 करोड़ एमएसएमई उद्योगों का सामान सीधे वैश्विक बाजारों तक पहुँच सकेगा।

## बाबा खरात ने पति को किया बाहर, महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया रेप

### -ज्योतिषी खरात के खिलाफ रेप का आठवां मामला दर्ज, व्यापारी से ठगे लाखों

**मुंबई, (एजेंसी)।** नासिक के स्वयंभू बाबा और ज्योतिषी अशोक खरात के खिलाफ रेप का आठवां मामला दर्ज हुआ है। सरकारवाड़ा पुलिस थाने में दो नए केस दर्ज किए गए हैं। एक शिकायत में कहा गया है कि खरात ने नेवासा फाटा अहिल्यानगर के एक व्यापारी से 2.6 लाख रुपए ठगने का आरोप है। वहीं दूसरा मामला महिला के यौन शोषण का है। आरोप है कि अगस्त 2024 से दिसंबर 2024 के बीच अशोक खरात ने महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महिला का आरोप है कि चार महीने के अंदर अशोक खरात ने चार बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता की शादी 2013 में हुई थी। एक बेटी का जन्म हुआ और फिर पति से अनबन हो गई। 2022 में एक रिश्तेदार ने दंपती को अशोक खरात से मिलवाया। उनकी सलाह के बाद पति-पत्नी साथ रहने लगे। अगस्त में दंपती खरात से मिलने गया था। खरात ने पति से बाहर इंतजार करने को कहा और इसके बाद महिला को अंदर ले गया। तांबे के बर्तन में कोई नशीला पदार्थ दिया।

पुलिस ने बताया कि खरात ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और धमकी भी दी कि अगर यह बात किसी से बताई तो दैवीय शक्तियां जीवन तबाह कर देंगी। इसके बाद खरात ने कई बार उसे बुलाकर रेप किया और जीवन खराब होने के डर से महिला चुप रही। रेप मामले में खरात की गिरफ्तारी के बाद पीड़िता सब कुछ बताने की हिम्मत जुटा पाई। महाराष्ट्र में नासिक के स्वयंभू बाबा अशोक खरात के खिलाफ पुलिस हेल्पलाइन के जरिए 100 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं जिनमें लगभग 70 फीसदी शिकायतकर्ता महिलाएं हैं।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को कहा कि कई पीड़ित, विशेष रूप से महिलाएं, बदनामी के डर, सामाजिक कलंक और आरोपी के राजनीतिक संबंधों के कारण शिकायत देने में संकोच कर रहे थे। इसे हल करने के लिए अधिकारियों ने पीड़ितों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक गोपनीय हेल्पलाइन शुरू की, जिसे काफी प्रतिक्रिया मिली है। खरात के खिलाफ आरोपों में धोखाधड़ी और यौन शोषण दोनों शामिल हैं। पुलिस जांच कर रही है और अधिकारियों ने सभी पीड़ितों से बिना किसी डर के आगे आने का आग्रह किया है। इसके साथ ही खरात के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चुनावों में जमकर बंट रहीं मुफ्त की रेबड़ियां, महिलाओं के खाते में सीधे 24,500 करोड़ रुपये होंगे जमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेताओं ने वोट खरीदने का एक आसान और सरल रास्ता अपना लिया है। ये बात कोई और नहीं बल्कि आम आदमी कहता सुना जा रहा है। इस बार के चुनावों में राज्यों में होड़ लगी हुई है मुफ्त में रेबड़ियां बांटने की। नतीजा आम आदमी की जेब से निकलकर सीधे साढ़े 24 सौ करोड़ रुपए महिलाओं को बांट दिए जाएंगे। ताकि उन्हे वोट मिले और सत्ता पर काबिज हो जाएं।

5 राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने सत्ता की चाबी हासिल करने के लिए कैश ट्रांसफर यानी सीधे नकद सहायता को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। एक विश्लेषण के अनुसार, चुनावी राज्यों में चार प्रमुख सरकारें महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 24,500 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर रही हैं।

इन दलों का चुनावी वादा भी यही है कि यदि वे दोबारा सत्ता में आते हैं, तो अगले पांच वर्षों तक यह वित्तीय सहायता निर्बाध रूप से जारी रहेगी। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो इन चार राज्यों में कुल 17.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 4.1 करोड़ महिलाएं इन नकद योजनाओं की सीधी लाभार्थी हैं। यानी कुल वोटरों का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा सीधे तौर पर इन योजनाओं से जुड़ा है। विभिन्न राज्यों में इस नकद राजनीति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ सरकार ने स्पेशल समर पैकेज के नाम पर महिलाओं के खातों में 2-2 हजार रुपये डाल दिए हैं। वहीं, असम में बिहू उत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं को 4-4 हजार रुपये की सहायता दी गई है। केरल की वामपंथी सरकार स्त्री सुखम नकद योजना के जरिए करीब 10 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी प्रसिद्ध लक्ष्मी भंडार योजना की राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिलचस्प बात यह है कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद बंगाल सरकार को इस योजना के लिए अगले साल 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

पिछले पांच वर्षों के चुनावी रुझान बताते हैं कि महिलाओं को नकद सहायता देने वाले राज्यों की संख्या 1 से बढ़कर अब 15 हो गई है। ये राज्य सालाना लगभग 2.46 लाख करोड़ रुपये 13 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में भेज रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने इस रेवड़ी संस्कृति के दुष्प्रभावों पर भी चिंता जताई है। आंकड़ों के अनुसार, झारखंड जैसा राज्य अपने ग्रामीण विकास बजट का 81 प्रतिशत हिस्सा नकद ट्रांसफर में खर्च कर रहा है। इसके चलते महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों को बुनियादी विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। कई विकास परियोजनाएं धन के अभाव में अधूरी पड़ी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल नकद योजनाओं के दम पर चुनाव जीतना हमेशा संभव नहीं होता। सीएसडीएस के निदेशक प्रो. संजय कुमार के अनुसार, अलग-अलग विचारधारा वाली पार्टियां एक ही फॉर्मूले पर चल रही हैं, लेकिन यह हमेशा सफल नहीं होता।



उदाहरण के तौर पर, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें भारी-भरकम नकद योजनाओं के बावजूद सत्ता बचाने में विफल रहीं। इसके उलट, मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना और कर्नाटक में गृह लक्ष्मी जैसी योजनाओं को गेमचेंजर माना गया। वर्तमान में चुनावी राज्यों में मुफ्त राशन, मुफ्त गैस सिलेंडर और बेरोजगारी भत्ते जैसे वादों की झड़ी लगी हुई है, जिसने मतदाताओं को लुभाने की जंग को और तेज कर दिया है।

# रिटायर्ड टीचर दंपती की पीट-पीटकर हत्या, घर में लहूलुहान हालत में मिले शव

## ब्यावर दोहरे हत्याकांड की मास्टरमाइंड निकली घरेलू नौकरानी, 12 घंटे में सभी आरोपी डिटेन। हत्याकांड के आरोपी शहर छोड़ने से पहले ही दबोचे, लूट के इरादे से की थी हत्या

स्मार्ट हलचल | अनिल कुमार

**ब्यावर।** शहर के साकेत नगर थाना क्षेत्र के सोहन नगर में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का ब्यावर पुलिस ने महज 12 घंटों के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। रिटायर्ड बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या की मास्टरमाइंड उनकी अपनी ही घरेलू नौकरानी निकली, जिसने अपने दो नाबालिग बच्चों और एक साथी के साथ मिलकर लूट की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया।





### घटना का घटनाक्रम

बीती रात (29 मार्च) करीब 10:15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सेंदड़ा रोड स्थित सोहन नगर में विनोद प्रसाद शर्मा और उनकी पत्नी पूर्णिमा शर्मा की उनके घर में हत्या कर दी गई है। बुजुर्ग दंपत्ति घर में अकेले रहते थे, जिसका फायदा उठाते हुए आरोपियों ने संपत्ति और गहने लूटने की योजना बनाई थी।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा और वृत्ताधिकारी राजेश कसाना सहित भारी पुलिस बल और एफएसएल टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने तत्काल जिले भर में नाकाबंदी करवाई और सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। दर्जनों पुलिस टीमों के समन्वित प्रयासों से आरोपियों को शहर से भागने से पहले ही दबोच लिया गया।

### कौन हैं आरोपी?

पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल परिहार (20 वर्ष) निवासी सोजत रोड (पाली) और मृतक दंपती की घरेलू नौकरानी को डिटेन किया है। वारदात में नौकरानी के दो नाबालिग बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) भी शामिल थे, जिन्हें नियमानुसार निरुद्ध किया गया है। मुख्य आरोपी राहुल परिहार का पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।



### इन अधिकारियों की रही मुख्य भूमिका

इस गुत्थी को सुलझाने में साकेत नगर थानाधिकारी जयपाल सिंह जैतावत, ब्यावर सिटी थानाधिकारी आशुतोष पांडे, सदर थानाधिकारी गजराज, सेंदड़ा थानाधिकारी हरिराम, जवाजा थानाधिकारी डॉ. नवलकिशोर और जिला स्पेशल टीम प्रभारी विजय सिंह मय जाब्ता का विशेष योगदान रहा। आगामी कार्रवाई : पुलिस अब आरोपियों का रिमांड लेकर हत्या में प्रयुक्त हथियार और लूटे गए जेवरात बरामद करेगी। मामले में अनुसंधान जारी है।

# जसवंतपुरा ग्रिड राम भरोसे, ठेकेदार के कर्मचारी मंडी में बैंगन बेच रहे हैं

## अगर कोई बड़ा हादसा हो जाए तो कौन होगा जिम्मेदार, किसानों को नही मिल रही समय पर बिजली

स्मार्ट हलचल

**बेरा।** बनेड़ा उपखंड में अजमेर विद्युत मंडल बनेड़ा रायला से आने वाली लाइन जसवंतपुरा ग्रिड पर आए दिन ठेकेदार के अधीन कार्य करने वाले कर्मचारी लापरवाही करते नजर आ रहे हैं । ग्रिड पर तीन कर्मचारी नियुक्त हैं छोटू लाल गुर्जर अधिकतर गांव ही विराजमान रहते है, प्रह्लाद तेली जो ऑन ड्यूटी घर पर ही रहते है, नारायण लाल माली जो मंडी में बैंगन बेचने जाते है, तीनों के तीनों कर्मचारी नदारत रहते हैं ग्रिड पर ताला लगा हुआ है किसानों को बिजली 9:00 बजे से 3:00 बजे तक चालू करने का प्रावधान है लेकिन 11:00 बजने के बाद भी लाइन चालू नहीं होती है, लोगों का मानना है कि ग्रिड पर अगर कोई बड़ा हादसा हो जाए तो लाइन बंद करना या चालू करने वाला जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है । बेरा संवाददाता भेरुलाल गुर्जर ने तीनों ही कर्मचारियों को फोन लगाकर पूछा तो वह एक दूसरे पर बात को फिट करते नजर आए । यह कर्मचारी बिजली फाल्ट का बहाना बनाकर ड्यूटी पर लापरवाही करते है । बिजली ग्रिड तो यू समझो कि इन्होंने खिलौना समझ रखा है जिम्मेदार जानकर अनजान बने बैठे है कई बड़े-बड़े हादसे पूर्व में हादसे हुए हैं अब अगर हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा मनमर्जी का खेल चल रहा है सब राम भरोसे है । ठेकेदार को भी जानकारी है या नहीं है यह अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए की जसवंतपुरा ग्रिड पर कर्मचारी अपनी ड्यूटी कैसे निभा रहे है । अनजान व्यक्ति को घर बैठे ही फोन कर कह देते हैं कि बिजली चालू कर देना लेकिन इसमें ट्रेनिंग शुदा आईटीआई एवं सुरक्षा कवच के साथ कार्य किया जाता है अनजान व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ गई तो इसका कौन जिम्मेदार होगा।



# बायतु संस्कृत विद्यालय पर ताला: शिक्षक कमी से भड़के विद्यार्थी-अभिभावक, सड़क पर उतरे



स्मार्ट हलचल | बायतु

क्षेत्र के बायतु स्टेशन स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। लंबे समय से शिक्षकों की कमी और लगातार हो रहे डेपुटेशन से नाराज विद्यार्थियों व अभिभावकों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने विरोध के तौर पर विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया।

धरने पर बैठे अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। स्थिति यह है कि जो शिक्षक यहां कार्यरत हैं, उन्हें भी अन्य स्थानों पर डेपुटेशन पर भेज दिया गया है, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

विद्यार्थियों ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि पढ़ाई बाधित होने से उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है और समय पर पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पा रहा है। इससे छात्रों में निराशा का माहौल बन गया है।

अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई और डेपुटेशन पर रोक नहीं लगी, तो आंदोलन को और तेज करते हुए बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# बजरी माफिया द्वारा अवैध खनन से श्मशान घाट व रास्ता क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने थानाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** माण्डल थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुढा एवं ग्राम पंचायत संतोकपुरा के ग्रामीणों ने अवैध बजरी खनन से श्मशान घाट एवं खेतों के रास्ते को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मांडल थानाधिकारी को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि गुर्जरों का गुढ़ा निवासी महादेव गुर्जर द्वारा अवैध खनन से गुढा गांव के नजदीक कोठारी नदी किनारे स्थित श्मशान घाट एवं आसपास की कृषि भूमि तक जाने वाला आम रास्ता पिछले कई दिनों से अवैध खनन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। आरोप है कि बजरी माफिया द्वारा अवैध खनन कर मिट्टी एवं रेत को साधनों के माध्यम से हटाकर ले जाया गया, जिससे श्मशान घाट की संरचना खराब हो गई तथा किसानों के खेतों तक पहुंचने का मार्ग भी बंद हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बाधित होने से खेतों में खड़ी फसल प्रभावित हो रही है और किसानों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। साथ ही श्मशान घाट पर पूर्व में करवाए गए कार्यों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे ग्रामीणों की सामाजिक एवं धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।





शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि नुकसान की भरपाई एवं रास्ता सही कराने के लिए स्थानीय स्तर पर निवेदन करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा उल्टा ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए, अवैध खनन से हुए नुकसान की भरपाई करवाई जाए तथा श्मशान घाट और आम रास्ते को पुनः पूर्व स्थिति में बहाल कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र में विवाद एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# देवली में लाखों की सोनोग्राफी मशीन धूल खा रही-विशेषज्ञ के अभाव में मरीज परेशान

स्मार्ट हलचल

टोंक/देवली। जिले के देवली उपखंड मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में अक्टूबर 2025 में आई लाखों रुपए की सोनोग्राफी मशीन आज भी बिना उपयोग के पड़ी है। मशीन होने के बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने से यह अत्याधुनिक सुविधा मरीजों के किसी काम नहीं आ रही है।

जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह मशीन अस्पताल को उपलब्ध करवाई गई थी, लेकिन विशेषज्ञ की कमी के चलते इसका संचालन शुरू नहीं हो सका। परिणामस्वरूप, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों को मजबूरी में निजी लैब्स का रुख करना पड़ रहा है, जहां उन्हें महंगे दामों पर सोनोग्राफी करवानी पड़ती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर लाखों रूपयों की मशीनें बिना उपयोग के पड़ी रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मरीजों और उनके परिजनों ने जल्द से जल्द विशेषज्ञ की नियुक्ति कर मशीन को चालू करने की मांग की है।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान कर अस्पताल में सोनोग्राफी सेवा शुरू करवाई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और उन्हें बाहर महंगे खर्च से बचाया जा सके।

# खजूरी: भगवान महावीर का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न, निकाली गई प्रभात फेरी

## 'अहिंसा परमो धर्म' और 'जियो और जीने दो' के उद्घोष से गूंजा कस्बा; मंदिर में हुआ नित्य अभिषेक और शांतिधारा

स्मार्ट हलचल | जहाजपुर, खजूरी

कस्बे में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा अपार श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही पूरा कस्बा धर्ममय हो गया और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव की शुरुआत प्रातःकालीन बेला में श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी के साथ हुई। यह प्रभात फेरी कस्बे के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होते हुए जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'अहिंसा परमो धर्म' एवं 'जियो और जीने दो' जैसे भगवान महावीर के अमर संदेशों का जयघोष किया, जिससे पूरे वातावरण में धर्म की प्रभावना हुई।

प्रभात फेरी के मंदिर पहुंचने के पश्चात, भगवान महावीर का नित्य अभिषेक और शांतिधारा विधि-विधान के साथ संपन्न की गई। इसके बाद भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धर्म लाभ अर्जित किया।



इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राजेंद्र गोधा, महेंद्र गोधा, अशोक गोधा, राजेंद्र कासलीवाल, मनोज गोधा और अजीत गोधा सहित खजूरी महिला मंडल की सदस्याओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर चंवरा के हनुमान जी के भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मेवाड़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंवरा के हनुमान जी मंदिर पर जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 व 2 अप्रैल 2026 को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल 2026, बुधवार को रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं राजभोग (सुरास हनुमान जी) के आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होंगे।वहीं 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को दोपहर 3 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के दौरान रथ यात्रा, पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# भगवानपुरा ग्राम पंचायत में अनियमितता को लेकर सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | मांडल/भगवानपुरा

ग्राम पंचायत भगवानपुरा में चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर भगवानपुरा कांग्रेस की कांग्रेस इकाई अध्यक्ष महावीर शर्मा ओर मंडल अध्यक्ष पुष्कर खटीक के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों बागवान टेंपो चालक एवं अन्य सभी कर्मचारियों द्वारा एवं ग्राम वासियों द्वारा मांडल उपखंड अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से यह बताया गया की विगत आठ माह से उक्त सभी कर्मचारियों का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिसके चलते कर्मचारियों के परिवार का पालन पोषण बाधित हो रहा है और गांव में सफाई व्यवस्था बिल्कुल खराब हो रही है और गांव में अन्य सुविधाएं भी बाधित हो रही है और इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और ग्रामवासियों द्वारा उप खंड अधिकारी से निवेदन किया गया की हमारी इस समस्या का जल्दी से जल्दी समाधान कराकर हमारा भुगतान करावे और अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तीन दिन पश्चात सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# राजस्थान में 1 अप्रेल से होगें बड़े बदलाव, सरकार ने पूरी की तैयारी

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान में 1 अप्रेल से कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ जहां हाईवे पर सफर महंगा होगा। वहीं, सरकारी अस्पतालों के समय में भी बदलाव हो जाएगा। इसके अलावा राजस्थान के स्कूलों में पहली बार नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रेल से शुरू होगा। साथ ही गर्मी को देखते हुए सफारी के समय में भी परिवर्तन होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। इन बदलावों का सीधा असर वाहन चालकों सहित आम लोगों पर पड़ेगा।

### 170 से अधिक टोल प्लाजाओं पर टोल चुकाना होगा महंगा

राजस्थान में नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों को 1 अप्रेल से अधिक टोल चुकाना होगा। प्रदेश के 170 से अधिक टोल प्लाजाओं पर दरों में बढ़ोतरी की गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार कारों के टोल में कोई वृद्धि नहीं की गई है। ज्यादातर बढ़ोतरी कमर्शियल और भारी वाहनों के लिए की गई है, जो 5 से 30 रुपए तक है। रिंग रोड पर निजी और हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए दरें यथावत रखी गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए 5 से 20 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से जारी नोटिफिकेशन में जयपुर से दिल्ली जाने वाले पुराने हाईवे पर दौलतपुरा, मनोहरपुर और शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर, जबकि जयपुर-किशनगढ़ हाईवे पर ठीकरिया, बड़गांव, रिंग रोड पर सीतारामपुरा, हिंगोनिया और जयपुर-सीकर राजमार्ग पर टाटियावास टोल बूथ पर बढ़ोतरी की गई है।

### वार्षिक फास्टैग के लिए 3075 रुपए देने होंगे

कार के वार्षिक फास्टैग पास की कीमत में 75 रुपए की वृद्धि की गई है। अब यह पास 3000 रुपए के बजाय 3075 रुपए में बनेगा। इस पास के तहत एक वर्ष में 200 बार टोल पार करने की सुविधा मिलती है।

### इस बार नया नया शिक्षा सत्र 1 अप्रेल से

शिक्षा विभाग इस बार 1 अप्रेल से नया शिक्षा सत्र शुरू करने जा रहा है। स्कूलों में एक अप्रेल से 15 मई तक पढ़ाई होगी। इसके बाद तय शेड्यूल के अनुसार 16 मई से 20 जून तक गर्मियों की छुट्टी रहेगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 21 जून से स्कूलों का संचालन फिर से शुरू होगा।



### स्कूलों का समय भी बदलेगा

इसके अलावा एक अप्रेल को नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदल जाएगा, यह बदलाव 30 सितंबर तक रहेगा। शिविरा पंचांग के अनुसार एक अप्रेल से सरकारी स्कूलों की समय सारिणी में बदलाव होगा। एक पारी में चलने वाली स्कूल सुबह 7.30 बजे से 1 बजे तक और दो पारी में चलने वाली स्कूल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। प्रत्येक पारी 5.30 घंटे की होगी। वर्तमान में सभी स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक है। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे।

### रणथंभौर व सरिस्का में सफारी का समय बदलेगा

रणथंभौर और सरिस्का टाइगर रिजर्व में 1 अप्रैल से सफारी का समय बदलेगा। नए समय के अनुसार 1 अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट की सफारी सुबह 6 बजे से 9.30 बजे तक होगी। इवनिंग शिफ्ट की सफारी दोपहर 3 बजे से शाम 6.30 बजे तक चलेगी। यह समय 15 मई तक रहेगा। 16 मई से 30 जून तक शाम की पारी की सफारी दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक होगी। सुबह की पारी का समय नहीं बदलेगा। अभी सफारी का समय सुबह 6:30 से 10 बजे तक और दोपहर 2:30 से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा जयपुर के आमेर में हाथी सवारी के समय में 1 अप्रेल से बदलाव होगा। अभी हाथी सवारी का समय सुबह 7 से 11.30 बजे तक है। लेकिन, 1 अप्रेल से हाथी सवारी का समय सुबह 7 से 10.30 बजे तक ही रहेगा।

### सरकारी अस्पतालों का ओपीडी समय बदलेगा:

प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों का ओपीडी समय भी एक अप्रेल से बदल जाएगा। गर्मियों में ओपीडी सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी। राजकीय अवकाश के दिन सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी रहेगी। इसके बाद इमरजेंसी खुली रहेगी, जहां लोग अपना इलाज करवा सकेंगे। अभी ओपीडी का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक है।

### 13 अप्रेल से बदलेगा अदालतों का समय

राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश के सभी न्यायालयों के समय में बदलाव किया गया है। आगामी 13 अप्रेल से अदालतों में ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी लागू हो जाएगी। अदालती कार्यवाही सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यह नई व्यवस्था 28 जून तक पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेगी। अधिसूचना के अनुसार हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस बीच सुबह 10:30 से 11 बजे तक आधे घंटे का ब्रेक रहेगा। वहीं, हाईकोर्ट के कार्यालय का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 10:30 से 10:45 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक दिया जाएगा। प्रदेश की सभी ट्रायल या अधीनस्थ अदालतों में भी सुनवाई का समय सुबह 8 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन अदालतों में सुबह 10 से 10:15 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक रहेगा। इन अदालतों के कार्यालय का कार्य सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा।

# 39 किलो अफीम डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार, अल्टो कार जब्त

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के शक्करगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 39 किलो 920 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार को भी जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शक्करगढ़ थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान एक अल्टो कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने नाकाबंदी तोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर वाहन को पकड़ लिया।



वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अफीम डोडा चूरा मिला। पूछताछ में आरोपी की पहचान जैसल कुमार (29) निवासी रायसिंहपुरा, थाना थमांडलगढ़ के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ की सप्लाई कहां से और कहां की जानी थी।

# नगर माहेश्वरी महिला संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**वक्ताओ ने सात विजन के साथ पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन को सशक्त, संगठित एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा दायित्व अलंकरण समारोह (शपथ ग्रहण) 2026 का आयोजन रामेश्वरम, हरणी महादेव में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत से हुआ। समारोह मे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती ममता मोदानी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा, जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया, जिला सचिव भारती बाहेती सहित नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी मौजूद रही। मुख्य अतिथि मोदानी ने अध्यक्ष वीणा मोदी, सचिव विनीता तोषणीवाल, कोषाध्यक्ष निशा सोनी, संगठन मंत्री नीलम दरगड़, उपाध्यक्ष शशि अजमेरा, रीना डाड, सोनल माहेश्वरी, स्नेहलता तोषणीवाल, संयुक्त मंत्री लीना कोठारी, चेतना बसेर, साधना बाहेती, सुमित्रा भदादा सहित प्रकल्प प्रमुख अनु मोदी को नेतृत्व, लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, अनुशासन, अर्थ प्रबंधन एवं टीमवर्क जैसे सात विजन के साथ पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन को सशक्त, संगठित एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया। मोदानी ने कहा की महिला सशक्तिकरण, संगठनात्मक एकता और समाज सेवा की आधारशिला हैं। बिना टीम वर्क के कोई भी संगठन दीर्घकालिक प्रगति नहीं कर सकता।' उन्होंने बताया कि एक मजबूत टीम ही किसी भी संस्था की रीढ़ होती है, जो उसे चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा ने सभी पदाधिकारियों से एकजुटता, सक्रियता एवं निरंतर कार्य करते हुए संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। समारोह मे सोनल माहेश्वरी, पायल सेठिया, पुनिता माहेश्वरी एवं मीनाक्षी दरगड़ द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य, कृष्णा लढा एवं सविता काबरा की महेश वंदना ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों की सामूहिक एंट्री विशेष आकर्षण रही। जिसमें नगर एवं तेरह क्षेत्रीय महिला संगठनों के पदाधिकारियों ने सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी एवं नगर सचिव सोनल माहेश्वरी की अगुवाई में नवदायित्वधारी टीम का स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीणा मोदी ने संगठन को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त करते हुए संस्कारों के सुदृढ़ीकरण, 'डिजिटल नारी' सशक्तिकरण, स्किल डेवलपमेंट तथा प्रत्येक नारी की प्रतिभा को मंच व सम्मान दिलाने पर कार्य करने की बात कही। सचिव विनीता तोषणीवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्याओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के साथ नगर की सभी सदस्याएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं, जिससे आयोजन भव्य एवं सफल रहा।

# खुले बिजली तारों का जाल बना जानलेवा खतरा, हो सकता है हादसा

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** सांगानेरी गेट पेट्रोल पंप के पास शराब ठेके के गेट के निकट बिजली के मीटरों के पास खुले तार और अव्यवस्थित वायरिंग लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। मौके पर कई बिजली के तार खुले पड़े हैं, जिससे हर समय करंट फैलने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका काफी व्यस्त रहता है, यहां दिनभर यात्रियों, राहगीरों और दुकानदारों की आवाजाही बनी रहती है। साथ ही पास में शराब का ठेका होने के कारण कई बार लोग अधिक नशे की हालत में रहते हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति नशे में अनजाने में खुले तारों या मीटर के पास लगे कनेक्शन को छू ले तो वह करंट की चपेट में आ सकता है और उसकी जान भी जा सकती है।

लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले इसी स्थान पर एक व्यक्ति करंट की चपेट में आ गया था, हालांकि समय रहते उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा अब तक तारों को सुरक्षित करने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि तुरंत मौके पर टीम भेजकर खुले तारों को सही किया जाए, मीटरों को सुरक्षित कवर में लगाया जाए तथा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

# कितरो कितरो रे करा म्हे बखाण, कण कण सु गूंजे जय जय राजस्थान



स्मार्ट हलचल| काछोला

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे सहित क्षेत्र सरथला, मानपुरा, जस्सू जी का खेडा, थलकला, राजगढ़ सहित आदि राजकीय विद्यालयो में राजस्थान दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विद्यार्थियों को राजस्थानी भाषा व संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए मनाया गया।साथ ही अगली कक्षा में प्रवेश लेने नए विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।शिक्षक , शिक्षिकाओंऔर विद्यार्थियों ने कुर्ता पायजामा साफा, राजपूती पोशाक, बच्चियां ग्रामीण परिवेश की पोशाक पहन कर आई।संस्था प्रधान नन्द किशोर रेगर ने बताया कि राजस्थान दिवस पर होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों से राज्य की लोक परम्पराओ से जुड़ने एवं सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने एवं आत्मसात करने का अवसर मिलेगा और साथ ही विद्यार्थियों ने गुड़ मॉर्निंग व नमस्ते की जगह खम्मा घणी और राम राम सा से और पधारो सा जैसे शब्दो से अभिवादन किया गया।जगदीश मंत्री ने बताया कि राजस्थान की आन बान शान साफा बंधन कार्यक्रम के साथ वही बच्चो ने राजस्थानी गीतों में कितरो कितरो रे करा म्हे बखाण, कण कण सु गूंजे जय जय राजस्थान, केसरिया बालम पधारो म्हारे देश, घूमर, सहित से ऑत प्रोत गीतों से प्रस्तुति दी गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम, चार्ट, कविता, गीत आदि कार्यक्रम हुए।इस मौके पर हीरा लाल शर्मा, जगदीश मंत्री, प्रकाश चतुर्वेदी, देबी लाल गुर्जर, नन्द लाल प्रजापत, महावीर वैष्णव, राजकुमार चौधरी, राजाराम प्रजापत सहित आदि उपस्तिथ थे।

# डॉ. दीपक गुप्ता अध्यक्ष व डॉ. अजीत धाकर सचिव निर्वाचित

**आईएमए कोटा की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित, 1 अप्रैल से संभालेंगे जिम्मेदारी**

**सम्मान समारोह के साथ आईएमए कोटा का सत्र सम्पन्न, नई कार्यकारिणी चुनी गई**

स्मार्ट हलचल| कोटा



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोटा के सत्र 2025-26 का समापन समारोह नयापुरा स्थित आईएमए हाउस में में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी रही तथा पूरे वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा के साथ नए सत्र के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अध्यक्ष डॉ. के. शृंगी ने स्वागत उद्बोधन में अपने कार्यकाल के दौरान सदस्यों से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, सचिव डॉ. मनीष बोहरा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर में आयोजित चिकित्सा शिविरों, जागरूकता अभियानों एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आईएमए राजस्थान के हालिया राज्य स्तरीय चुनावों में कोटा का प्रतिनिधित्व करने वाले चिकित्सकों–डॉ. अमित व्यास, डॉ. अखिल अग्रवाल, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. नरेश अग्रवाल एवं डॉ. त्रिवेश बरदानिया–का सम्मान किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सत्र 2026-27 के चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. जे. के. सिंघवी एवं सहायक चुनाव अधिकारियों डॉ. अविनाश बंसल तथा डॉ. अमित व्यास की देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुए, जिसमें सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। नई कार्यकारिणी में डॉ. दीपक गुप्ता अध्यक्ष एवं डॉ. अजीत धाकर सचिव चुने गए। इसके अतिरिक्त डॉ. वीरेश बेरीवाल (उपाध्यक्ष), डॉ. राजमल मीणा (कोषाध्यक्ष) तथा डॉ. प्रदीप फौजदार एवं डॉ. राहुल गर्ग (संयुक्त सचिव) नियुक्त हुए।

कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. नवनीत बागला, डॉ. निर्मला शर्मा, डॉ. प्रवीण कोठारी, डॉ. आर. डी. अरोड़ा, डॉ. पलकैश अग्रवाल एवं डॉ. मुकेश मौर्य शामिल हैं। इसके अलावा 13-13 सदस्यों का चयन केंद्रीय परिषद एवं राज्य परिषद के लिए भी किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी 1 अप्रैल से एक वर्ष के लिए अपना कार्यभार संभालेंगे।

# रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्द धूमधाम से संपन्न

स्मार्ट हलचल|मोड़ का निंबाहेड़ा

आसीन्द क्षेत्र के मोड़ का निम्बाहेड़ा में स्थित सांप्रदायिक सद्भावना के प्रतीक हजरत सैयद शाह छापर वाले सरकार रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दरगाह कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उर्स का आगाज़ शनिवार से उर्स का आगाज शुरू हुआ जो सोमवार को संपन्न हुआ उर्स श्रद्धा एवं अकीदत के साथ मनाया जाएगा।

उर्स के तहत शनिवार को नमाज-ए-ईशा परचम कुशाई एवं कुरान ख्वानी तथा मीलाद शरीफ का आयोजन किया गया। वहीं रविवार को बाद नमाज-ए-जोहर जामा मस्जिद से दरगाह शरीफ तक चादर शरीफ पेश की गई । इसी दिन रात्रि को नमाज-ए-ईशा शानदार कव्वाली प्रोग्राम आयोजित होगा, जिसमें मुंबई (महाराष्ट्र) के मशहूर कव्वाल अदनान अजीम नाजा ने अपनी प्रस्तुति दी।

उर्स के समापन अवसर पर सोमवार सुबह कुल शरीफ एवं रंग-ए-महफिल का आयोजन किया गया, जिसमें करजालिया,मोड़ का निंबाहेड़ा, भगवानपुरा,केरिया लाचूड़ा आसींद मांडल लुहारिया सहित कई गांवों के जायरीनों बड़ी संख्या में शामिल हुवे।

कार्यक्रम में मेहमान-ए-सुफिया इकराम के रूप में हजरत शौकत अली साहब (सखानिया नीगव, मध्यप्रदेश), कच्चाल जफर सादाब मीर (जावरा, मध्यप्रदेश) एवं हजरत हाजी मोहम्मद युसुफ साहब (आसीन्द) विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। दरगाह कमेटी ने बताया कि उर्स में आने वाले सभी जायरीनों के लिए खाने-पीने का उचित इंतजाम किया गया है तथा सभी श्रद्धालुओं का तहेदिल से इस्तकबाल किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं भामाशाहों ने भाग लिया जिसका दरगाह कमेटी द्वारा दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया।

# गंगा मैया की प्रसादी में उमड़ा औदिच्य समाज, निकली भव्य कलश यात्रा

स्मार्ट हलचल|उदयपुर



औदिच्य ब्राह्मण समाज में आस्था का संगम सोमवार को उदयपुर जिले के पाणुन्द गांव में देखने को मिला। लक्ष्मीनारायण औदिच्य ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत (औदिच्य) के देशभर के पवित्र धामों की सफल यात्रा पूर्ण कर लौटने पर गंगा मैया (गंगोज) प्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संभाग भर से औदिच्य ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में समाजजन पाणुन्द पहुंचे और आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मीनारायण मंदिर में विधि-विधान से हवन व पूर्णाहुति के साथ हुई। हवन के पश्चात लक्ष्मीलाल डूंगावत के निवास से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में समाज की महिलाओं ने एकरूप वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। बैंड की मधुर धुनों के बीच ज्वारों के साथ यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पथवारी स्थल पहुंची, जहां विधिवत पूजन कर ज्वारा विसर्जन किया गया। इसके पश्चात औदिच्य ब्राह्मण समाज के नोहरे में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाजजनों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। वहीं इधर रविवार रात्रि में एकादशी कथा के साथ विशाल भजन संध्या भी आयोजित हुई और लक्ष्मीनारायण मंदिर चौक पर एकादशी व्रत का उद्यापन किया गया।

# वकील के साथ अभद्रता करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** अभिभाषक संघ महुवा द्वारा दौसा कोतवाली के ए एस आई बाबू लाल चौधरी द्वारा अभिभाषक संघ दौसा के अधिवक्ता रिद्धि चंद्र शर्मा के साथ थाने में अभद्र व्यवहार करने उन्हें हवालात में बंद करने की धमकी देने व राज कार्य मैं बाधा के केस में फंसाने की धमकी देने के मामले में अभिभाषक संघ महुवा जिला दौसा के सदस्य भुवनेश त्रिवेदी मधुसूदन सैनी हरिशंकर सिंह राजपूत अमृत गुर्जर एडवोकेट नंदराम महावर राजेंद्र कुमार जाटव एडवोकेट ने सोमवार को उपखंड अधिकारी महुवा मनीषा रेशम आर ए एस को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंप कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। एडवोकेट भुवनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस थाना दौसा कोतवाली के पुलिसकर्मी द्वारा एक सीनियर अधिवक्ता के साथ इस तरह का व्यवहार होने से संपूर्ण राजस्थान के अधिवक्ता समाज में भयंकर रोष है अतिशीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता समाज द्वारा आन्दोलन किया जायेगा।

# रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन का किया विस्तार, सुनीता कँवर राठौड़ जिलाध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की संस्थापक अध्यक्ष निशा कँवर गौड़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने सुनीता कँवर राठौड़ को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है । साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन की संरक्षक वनिता कँवर पंवार, चंदा कँवर गहलोत, उपाध्यक्ष सीमा कँवर पंवार, आरती शेखावत, सोनम कँवर पंवार, महामंत्री नीलम कँवर सोलंकी, संगठन मंत्री मोहिनी कँवर, पूजा कँवर पंवार, मंजू कँवर नाथावत, कोषाध्यक्ष स्वीटी कँवर कानावत, प्रवक्ता सुनीता कँवर जादू, सांस्कृतिक मंत्री मंजू कँवर सिसोदिया, कांता कँवर सोलंकी को नियुक्त किया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संस्थापक अध्यक्ष निशा कँवर गौड़ ने संगठन के प्रति आस्था और विश्वास के साथ, संगठन के नियमों के तहत कार्य करने की शपथ दिलाई।

# महावीर जयंती पर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



महावीर जयंती के पावन अवसर पर शहर भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा का अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई द्वारा पुष्पवर्षा कर अत्यंत श्रद्धा एवं भव्यता के साथ स्वागत किया गया। युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि शोभा यात्रा में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा के दिव्य संदेशों की झलक दिखाई दी। आकर्षक झांकियों, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर वैश्य फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी* ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर के आदर्श–अहिंसा, सत्य और त्याग–आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव है। साथ ही वैश्य एकता-आज की आवश्यकता का नारा बुलंद किया । इस अवसर पर संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, युवा जिला अध्यक्ष अंकित सोमानी, मुख्य सलाहकार योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष त्रिदेव मूंदड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष राठी, उपाध्यक्ष विशाल सेठी, जिला मंत्री सचिन काबरा, मीडिया प्रभारी हरीश जैन, सोशल मीडिया प्रभारी सुधीर अजमेरा, संभागीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू, महिला जिला अध्यक्ष लीला राठी, मुख्य टीम से कार्यकारी अध्यक्ष ओ.पी. हिंगड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश खंडेलवाल, कैलाश अजमेरा, कोषाध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, मंत्री अक्षय कोठारी, ओम प्रकाश गंदोरिया, कैलाश चंद्र सोमानी, द्वारका प्रसाद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी सशक्त संदेश दिया।

# वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग, पेंशनर्स का विरोध



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** राजस्थान पेशनर्स मंच की और से पेशनर्स के खिलाफ वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर के पेशनर्स ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

पेशनर्स मंच तहसील शाखा अध्यक्ष नियाज मोहम्मद सिलावट और वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंभुलाल दैराश्री के नेतृत्व में प्रधान मंत्री के उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास को सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि पेंशनर्स के खिलाफ वैधता अधिनियम 2025 को लेकर के पेशनर्स में भारी आक्रोश है। इस अधिनियम से पेशनर्स और पारिवारिक को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पडेगा।वहीं पुराने पेशनर्स को अगले वेतन आयोग का फायदा नहीं मिल सकेगा। सभी पेशनर्स ने प्रधानमंत्री से वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ पेशनर्स यज्ञनारायण शर्मा कल्याण सिंह राणावत प्रभाकर पाटोदिया कल्याण सिंह भाटी रोशन खा कायमखानी सत्यनारायण बारी सुरेश चन्द्र पारीक सुभाष पोरवाल मोहम्मद नसीम छीपा गोपाल जोशी शांतिलाल लक्षकार हनीफ पठान मांगी लाल माली खेम लाल कोली रामसिंह भाटी जहुर मोहम्मद सद्दीक खा पठान चन्द्रप्रकाश सेन भेरुलाल रेगर सहित बडी संख्या में पेशनर्स उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वावधान में 77वां राजस्थान स्थापना दिवस समापन महोत्सव आयोजित

स्मार्ट हलचल|मोड़ का निंबाहेड़ा



राजस्थान स्थापना दिवस के 77वें महोत्सव के अवसर पर राजधानी जयपुर स्थित हाथरोई किला के पास रोटरी भवन सभागार में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक समन्वय समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सरपंच विष्णु पारीक बराना को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट समाजसेवी कार्यों, जनसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के लिए दिया गया है। मंच की चयन समिति ने उनके सामाजिक योगदान और सेवा भावना को देखते हुए इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए उनका चयन किया था।इस कार्यक्रम का आयोजन राजनयिक संबंध वियना अभिशरण 1972 एवं जिनेवा अभिशरण 1949 की भावना के अनुरूप विश्व के 25 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों की उपस्थिति में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एस. एन. भार्गव (पूर्व राज्यपाल राजस्थान एवं पूर्व मुख्य न्यायाधीश, सिक्किम उच्च न्यायालय) रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अनुसूचित जाति वित्त विकास आयोग राजस्थान सरकार के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) राजेंद्र कुमार नायक तथा राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ एवं ग्लोबल रोमा कल्चरल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के चांसलर हुकम चंद गनेशिया ने की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, गौरवशाली बलिदानों की विरासत, स्वतंत्रता पूर्व राजपूताना रियासतों के इतिहास तथा आधुनिक राजस्थान के विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा (एडवोकेट) ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की स्थापना लगभग 35 वर्ष पूर्व स्वर्गीय महावीर प्रसाद टोरडी द्वारा की गई थी। मंच की स्थापना भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने, पंचशील सिद्धांतों के प्रसार, वैदिक संस्कृति के पुनरुत्थान तथा भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो पावर सहित स्थायी सदस्यता दिलाने जैसे उद्देश्यों को लेकर की गई थी। उन्होंने बताया कि मंच के उद्देश्यों के समर्थन में 25 देशों ने अपने राष्ट्रीय ध्वज मंच को प्रदान किए हैं और तब से मंच प्रतिवर्ष राजस्थान स्थापना दिवस सहित विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक समन्वय कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है।

मंच के बोर्ड सलाहकार जम्बूद्वीप पद्मश्री इंजी. नरेंद्र कुमार पांडे (एडवोकेट) ने बताया कि संस्था समाज की उन प्रतिभाओं को खोजकर सम्मानित करती है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, लेकिन जिन्हें अपेक्षित पहचान नहीं मिल पाती। इसी क्रम में समारोह के दौरान 75 प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं हुनर के आधार पर 'राजस्थान समरसता अवार्ड' से सम्मानित किया गया। सम्मान अतिथियों के करकमलों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन इंजी. नरेंद्र कुमार पांडे ने किया, जबकि आयोजन की व्यवस्थाओं का सफल संचालन कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद शर्मा ने संभाला। कार्यक्रम के छायांकन की जिम्मेदारी रामचरण वर्मा एवं मंथन शर्मा ने निभाई। समारोह का समापन सांस्कृतिक समन्वय एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

# दिगम्बर समाज ने मनाया महावीर जन्मोत्सव

**सन्त प्रणीत सागरजी महाराज के सानिध्य में निकली विशाल शोभायात्रा, - लम्बी कतार व हाथो में पचरंगी ध्वजा लहराते लगाए जयकारे से गुंजा कस्बा**





स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मुख्यालय पर जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिगम्बर जैन समाज की ओर से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दिगंबर संत मुनी प्रणीत सागर जी और क्षुल्लक विदेह सागर जी की सानिध्य में कोटडी में महावीर जयंती बड़ी भव्य तरीके से बनाई गई। नवयुवक मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र सेठी ने बताया कि कोटडी में सुबह महावीर जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन के बाद दिगंबर जैन मंदिर से विद्यासागर वाटिका में भगवान का अभिषेक और शांति धारा की गई। जिसमे मंत्रोचारण के साथ मुनीश्री के द्वारा भव्य पूजा का आयोजन किया गया। प्रभु श्री महावीर स्वामी का जुलूस विद्यासागर वाटिका से प्रारम्भ हो कर सदर बाजार व कस्बे के मुख्य मार्ग से गुजरा तो लम्बी कतार व हाथो में पचरंगी ध्वजा लहराते जयकारो से कस्बा गूंज उठा। शोभायात्रा में मुनि की उपस्थिति के दौरान पहली बार पालकी में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजमान कर भक्तो के कंधों पर सवार हो धीरे-धीरे गली मोहल्ले में पहुचे तो भक्त प्रभु के दर्शन करने को आतुर नजर आए। शोभायात्रा में पारोली, कोठाज, किशनगढ़, गहली सहित आसपास के संघो के महिला पुरुष भी उपस्थित हुए। वही श्वेतांबर समाज के बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचंद पाटोदी ने सभी आगन्तुको व आयोजन में सहयोगियों के आभार जताया। कार्यक्रम में चवलेश्वर तीर्थ समिति के अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल, श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढा, सुरेश कासलीवाल, हीरु पाटोदी, गोपाल गोधा, संयम गोधा, पंकज सेठी, रवि काशलीवाल, काव्य जैन, पंकज सेठी, जॉनी गोधा, नवनीत सेठी, अमित सेठी, पारस गोधा, राजू पाटौदी, दिनेश गोधा, सुनील गोधा और समाज की सभी पुरुष -महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे। इसके बाद विद्यासागर वाटीका का में त्रिलोक पडगाहन हुआ। शाम को भव्य मंगल आरती और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## ओसवाल समाज आज मनाएगा जन्मोत्सव

ओसवाल समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा व मन्त्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि ओसवाल समाज की ओर से भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मंगलवार को मनाएगा। इसमें सुबह 8 बजे सदर बाजार स्थित आदिनाथ जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वही शाम को शीतल भवन में सामूहिक जाप व भक्तो द्वारा भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने ओसवाल समाज के अलावा दिगम्बर जैन समाज के अधिक से अधिक महिला-पुरुषो को सभी कार्यक्रमो में उपस्थित होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को ले कर युवाओ में विशेष उत्साह नजर आरहा है।

# महावीर जयंती के उपलक्ष में दिगंबर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर से महावीर जयंती के उपलक्ष में भगवान महावीर की प्राचीन प्रतिमा को रथ में विराजमान कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर जयंती के उपलक्ष में प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर से विशाल भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा महुवा के पुरानी तहसील रोड, गुर्जर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, पाराशर मोहल्ला ,हिंडौन रोड, थाने के सामने सब्जी मंडी, सर्राफा बाजार, गणेश चौक, मुख्य बाजार, होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची।

इस दौरान शोभा यात्रा का महुवा के अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर जलपान कराकर स्वागत सत्कार किया गया मंदिर पहुंचने पर विमल जी भुसावर वालों द्वारा झंडारोहण किया गया।

इस अवसर पर विमल जैन, शीतल जैन, सुमत जैन, राजेंद्र जैन ,विजय जैन , गुड्डू जैन पवन जैन जिनेंद्र जैन भगवान सहाय जैन संजय जैन बाबूलाल जैन महेंद्र जैन बंटी जैन महिला अध्यक्ष शशि जैन सहित जैन समाज सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ब्यावर में कांग्रेस का शंखनादः डोटासरा और जूली के आगमन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प, सौंपी जिम्मेदारियां

**'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' जिला सम्मेलन 2 अप्रैल को; ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां**

**ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा बोले- जनविरोधी ताकतों के खिलाफ ब्यावर की धरा से होगा बड़ा ऐलान**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के आगामी 2 अप्रैल को ब्यावर आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। प्रस्तावित 'संगठन बढ़ाओ - लोकतंत्र बचाओ' विशाल जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को सातपुलिया स्थित केसरीनन्दन गार्डन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

## कार्यकर्ताओं में भरा जोश

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना हर कांग्रेस जन का मुख्य कर्तव्य है। उन्होंने 2 अप्रैल के सम्मेलन को जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ एक बड़ा 'शंखनाद' करार दिया। शर्मा ने सम्मेलन की सफलता के लिए अलग-अलग कमेटियों (स्वागत, आवास, भोजन, रैली प्रबंधन) का गठन कर पदाधिकारियों को विशिष्ट उत्तरदायित्व सौंपे।

## दिग्गज नेताओं ने भरी हुंकार

बैठक में पीसीसी सदस्य पारस पंच ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए एकजुट होने का आह्वान किया। कपासन प्रभारी आशिषपाल पदावत ने कहा कि ब्यावर हमेशा से कांग्रेस की मजबूती का केंद्र रहा है और 2 अप्रैल का जनसैलाब विपक्ष की नींद उड़ा देगा।

## इन नेताओं ने भी साझा किए विचारः

सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, कल्पना भटनागर और नगर अध्यक्ष भरत बाघमार ने वार्ड स्तर पर जनसंपर्क की रणनीति बनाई। पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, शांति डाबला और पूर्व प्रधान लाल मोहम्मद ने ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा और डॉ. एससी जैन ने बूथ स्तर की तैयारियों का खाका पेश किया।





## विशिष्ट कमेटियों का गठन

जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के निर्देशों के अनुसार, ब्यावर विधानसभा के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तय की गई है। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भी अपनी तैयारियों की जानकारी साझा की। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# अहिंसा के नारों से गुंजायमान हुआ ब्यावरः महावीर जन्म कल्याणक पर उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** वर्तमान शासननायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर सोमवार को ब्यावर शहर भक्ति, उत्साह और अटूट श्रद्धा के रंग में सराबोर नजर आया। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित इस भव्य और ऐतिहासिक महोत्सव में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की, जिससे पूरा शहर धर्ममय हो गया।

## स्वर्ण कलश से हुआ प्रभु का अभिषेक

उत्सव का शुभारंभ प्रातः दिगंबर जैन पंचायती नसिया में भगवान मूलनायक महावीर स्वामी के स्वर्ण कलश अभिषेक और शांतिधारा के साथ हुआ। इस मांगलिक क्रिया का सौभाग्य सुनील विविध जैन चौधरी (महेश, नीरज, संजय, मोहित, अक्षत, मुकेश, अतिशय जैन) परिवार को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही शहर के अन्य जैन मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई।

भगवान महावीर को सुसज्जित रथ में विराजमान कर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रथ के सारथी बनने का सौभाग्य जम्बू कुमार मनीष कुमार रावंका परिवार को मिला।



## स्वागत और वात्सल्य भोज

शोभायात्रा बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर पाली बाजार, लोहरण चौपड़ और अजमेरी गेट होते हुए पुनः नसिया जी पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भक्तों ने भगवान का स्वागत किया। समापन पर पवन कुमार रविकुमार जैन धगडा परिवार द्वारा शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया गया। महोत्सव के अंत में आयोजित विशाल वात्सल्य भोज ने समाज की एकता और सद्भाव की मिसाल पेश की।

## इनकी रही मुख्य उपस्थिति

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अशोक काला, मंत्री विजय कुमार फागीवाला, कमल रावंका, अमित गोधा सहित समाज के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न महिला व युवा मंडलों (श्री विद्या, पार्श्वनाथ, आदिनाथ, विराग विशिष्ट, ज्ञानोदय मंडल) का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी ने भगवान महावीर के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# गांजा परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**बेगूं।** पारसोली थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तस्करी कर ले जाया जा रहा ढाई किलो गांजा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में चलाये जा रहे त्रिनेत्र अभियान के तहत पारसोली थानाधिकारी ठाकराराम जाप्ते के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एएनटीएफ टीम ने गांजा तस्करी की सूचना दी। जिस पर उन्होने कोटा हाईवे रोड स्थित देवलछ चौराहा पर नाकाबंदी शुरु की दी। इसी दौरान पैदल आये एक व्यक्ति को रोक कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम महेन्द्र (30) पिता भवानीशंकर माली निवासी गुलाना थाना बेगूं होना बताया।

# मातेश्वरी क्लब बना चैंपियन, प्रहलाद का शतक बना जीत की कुंजी



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मेवाड़ा प्रजापत क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 - सीजन 3 का फाइनल मुकाबला खेलगांव, चित्रकूट नगर में उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। फाइनल में मातेश्वरी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेवाड़ क्लब को 80 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मातेश्वरी क्लब ने 20 ओवर में 197 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रहलाद प्रजापत ने 110 रनों की शतकीय पारी खेली, जो मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुई। अनंत प्रजापति ने 25 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवाड़ क्लब की टीम 20 ओवर में 117/6 रन ही बना सकी। उज्जवल प्रजापत ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। प्रहलाद प्रजापत को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। हरीश को बेस्ट बैट्समैन, वेदांश को बेस्ट बॉलर और नरेश को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला। विजेता टीम को 31,000 और उपविजेता को 21,000 की राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय क्रिकेटर अनुप दवे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मांगीलाल जोशी, पंकज बोरणा, तरुण मेहता, राजकुमार मेनारिया, बार एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष जितेंद्र जैन, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रामकृपाल शर्मा एवं युवा मोर्चा से हिमांशु बागड़ी आदि मौजूद रहे। साथ ही संस्थान के संरक्षक बंसीलाल, अध्यक्ष प्रकाश, सचिव कैलाश, महामंत्री रामलाल, युवा अध्यक्ष धीरज एवं उनकी टीम सहित मेवाड़ा प्रजापत समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# विदेश में मुश्किल में फंसे 3.67 लाख भारतीयों पर खर्च हुए 758 करोड़

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

विदेश में रहने वाले भारतीयों को मुश्किल समय में भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) ने काफी राहत प्रदान की है। 2009 में इसकी शुरुआत से लेकर दिसंबर 2025 तक, 3.67 लाख से अधिक मुश्किल में फंसे विदेश में रहने वाले भारतीयों को मदद देने के लिए 758 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इस्तेमाल की जा चुकी है। यह जानकारी विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में दी।

दरअसल कांग्रेस सांसद कुंदुरु रघुवीर ने विदेश में संकट का सामना करने वाले भारतीय नागरिकों को वित्तीय और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने में आईसीडब्ल्यूएफ की भूमिका के बारे में विदेश मंत्रालय से प्रश्न पूछा था। 27 मार्च को सदन में इसका जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि आईसीडब्ल्यूएफ दिशा-निर्देशों में सितंबर, 2017 से पूरी तरह से बदलाव किया गया है। बदले हुए दिशा-निर्देशों ने मुश्किल में फंसे भारतीय नागरिकों के फायदे के लिए, इस फंड के जरिए दी जाने वाली ऑन-साइट वेलफेयर गतिविधियों का दायरा काफी बढ़ा दिया है।

उन्होंने बताया इन दिशा-निर्देशों में तीन मुख्य बातें शामिल हैंः मुश्किल हालात में विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों की मदद करना (रहने-खाने का इंतजाम, हवाई सफर, कानूनी मदद, अचानक बीमार पड़ने पर इलाज, पार्थिव शरीर को वापस लाना), कम्युनिटी वेलफेयर गतिविधियां और कॉन्सुलर सेवाओं में सुधार। अब इनमें उन देशों में कानूनी पैनल बनाने के प्रावधान भी शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय लोग रहते हैं, और विदेश में मुश्किल में फंसी भारतीय महिलाओं को मदद देना भी शामिल है।

राज्यमंत्री ने कुछ आंकडें पेश करते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों यानी 2021 से 2025 के बीच संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, मस्कट, मलेशिया और कुवैत जैसे देशों के प्रमुख शहरों में रहने वाले भारतीयों पर आईसीडब्ल्यूएफ के तहत सबसे अधिक खर्च किया गया है। इनमें दुबई में 22.6 करोड़ से अधिक, रियाद में 13.53 करोड़ से अधिक, अबू धाबी में 7.95 करोड़ से अधिक और जेद्दा में 7.23 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। इसके अलावा मस्कट में करीब 12 करोड़, कुआलालंपुर में 10 करोड़ और कुवैत में रहने वाले भारतीयों पर 8.21 करोड़ रुपये से अधिक रुपये खर्च हुए हैं।

कीर्तिवर्धन सिंह ने सदन को बताया विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों और पोस्टों में 'काउंसलर/सामुदायिक कल्याण विंग' होते हैं, जिनमें संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों के कल्याण संबंधी मुद्दों को देखने के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त होते हैं। मंत्रालय के पास विदेशों में स्थित सभी मिशनों/पोस्टों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र/एसओपी मौजूद हैं, जिसके माध्यम से विदेशों में संकट में फंसे भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान की जाती है।

# शाहपुरा में बदला मौसम का मिजाज, खेतों में बढ़ी चिंता

**अपरान्ह बाद तेज बारिश संग ओलावृष्टि, आंधी से जनजीवन प्रभावित**

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा व आस पास के क्षेत्र में सोमवार अपरान्ह बाद मौसम ने अचानक करवट बदलते हुए जोरदार हलचल मचा दी। करीब साढ़े चार बजे तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई, जिसके साथ मक्की व मूंगफली के दाने के बराबर ओले भी गिरे। तेज हवाओं और आंधी के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया, जिससे लोगों को अचानक परेशानी का सामना करना पड़ा।



शाहपुरा नगर सहित आसपास के करीब 20 किलोमीटर के दायरे में स्थित ढीकोला, नारायणपुरा, बीलिया, आमलीकलां, मालखेड़ा और अरनिया घोड़ा गांवों में भी ओलावृष्टि दर्ज की गई। कई स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश और ओलों का दौर जारी है, जिससे मौसम का मिजाज पूरी तरह अस्थिर बना हुआ है।

अचानक आए इस बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। काश्तकारों का कहना है कि ओलों और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका है। विशेष रूप से गेहूं और चने की फसल पर इसका असर पड़ सकता है।

तेज हवाओं के चलते पेड़ों की डालियां हिलती रहीं और सड़कों पर आवाजाही भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार यदि बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहा, तो फसलों को और अधिक नुकसान हो सकता है। फिलहाल क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है, जिससे किसानों और आमजन दोनों की चिंता बढ़ती जा रही है। काश्तकारों का कहना है कि बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में कटकर रखी फसल तो खराब हो गयी व हवाओं से खड़ी फसल के दाने भी गिर गये है।

# सैफई के प्राथमिक विद्यालयों में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव, शिक्षकों ने बच्चों को बांटे उपहार



स्मार्ट हलचल | सैफई (इटावा)

विकास खंड सैफई में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में आज वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सभी विद्यालयों को गुब्बारे, रंगोली आदि से सजाया गया। विद्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की सहभागिता रही। इस अवसर पर अभिभावकों को छात्र-छात्राओं की वार्षिक उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया गया एवं छात्र-छात्राओं के प्रगति पत्र वितरित किए गए। कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने वाले अभिभावकों को भी पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सैंफई नवाब वर्मा ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय वैदपुरा एवं कंपोजिट विद्यालय बर्रा में छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा से ही जीवन बदलता है।आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें। आप ही देश का भविष्य हैं। आगे उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के कम अंक आए है वह अधिक मेहनत से पढ़ाई करें और आगे अच्छा प्रदर्शन करें। पुरस्कार पाकर छात्र -छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

यह कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय सैफई, कंपोजिट विद्यालय उझियानी, कंपोजिट विद्यालय लछवाई, कंपोजिट विद्यालय लाडमपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय परासना, प्राथमिक विद्यालय गींजा, कंपोजिट विद्यालय कुइया, कंपोजिट विद्यालय कुम्हावर, कंपोजिट विद्यालय हरदोई सहित विकासखंड के समस्त 134 परिषदीय प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में संपन्न हुआ।

प्राथमिक विद्यालय भाऊपुर में बच्चों में प्रधानाध्यापक मनीष पॉल, सहायक अध्यापक मनीता, दुर्गेश, शिक्षा मित्र विनीता द्वारा कक्षा 5 के सभी बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया और उन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित किया। सुघर सिंह शिक्षा मित्र द्वारा कक्षा 5 के सभी बच्चों को एक - एक घड़ी भेंट की गई।

# पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर महा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

## 'प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाना'

स्मार्ट हलचल| बूंदी



प्रदेश भर में चल रहे पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर महा अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का रविवार को शगुन मैरिज गार्डन में आयोजन किया गया। शहर मंडल पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों ने समृद्ध राजस्थान सशक्त भारत की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया । प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व कोटा शहर जिला अध्यक्ष हेमंत कृष्ण विजय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाना और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि बूथ की इकाई सबसे मजबूत इकाई है बूथ जीतेगा तो चुनाव जीतेगा । उन्होंने सोशल मीडिया पर संगठन की गतिविधियों को अधिक से अधिक प्रकाशित करने की बात कही । उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करे ।

द्वितीय सत्र में जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को बताया । प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को नई दिशा , नई ऊर्जा व सेवा का नया संकल्प देगा । उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार और राजस्थान की भजन लाल सरकार पर आम जन के काम आने वाली दैनिक वस्तुओं का भरपूर भंडार है।

तृतीय सत्र में जिला महामंत्री योगेंद्र श्रंगी ने कहा-पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताएं आदर्श पर चले। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें । चौथे सत्र में पूर्व जिलाअध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और विकास के बारे में जानकारी दी । बिल्या ने जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के सफर के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी । उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है । पांचवे सत्र में शिविर प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता विचारधारा के अनुसार अपनी बात आमजन के बीच में रखता है । संगठन का कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करता है ।

छटे सत्र में पूर्व उप जिला प्रमुख डॉक्टर बृजबाला गुप्ता ने कहां की संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण के राष्ट्रप्रथम के संकल्प को आत्मसात करने का माध्यम है । भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का संगठन है ।

शहर प्रवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिला महामंत्री संजय लाठी , एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, पूर्व सभापति सरोज अग्रवाल, प्रशिक्षण जिला सहसंयोजक बबीता दाधीच, शहर संयोजक व शहर महामंत्री संजय भूटानी , गौरव वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष सूर्यकांत राणावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित निंबार्क मंचासीन रहे ।

इस मौके पर जिला व मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन जिला सहसंयोजक व प्रदर्शनी प्रमुख राजेश शेरगढ़िया ने किया । मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 26 अप्रैल को होगा धाकड़ समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन

## मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने सामूहिक विवाह सम्मेलन का किया पोस्टर विमोचन



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** पलाई क्षेत्र के रतनपुरा पंचायत में 26 अप्रैल क़ो आयोजित होने वाले अखिल नागरचाल धाकड़ समाज 108 गाँव का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन क़ो लेकर अखिल नागरचाल श्री धाकड़ महासभा 108 गाँव की समाज अध्यक्ष रमेश चन्द नागर व पुर्व प्रधान पदम् नागर के नेतृत्व में सम्मेलन समिति ने जयपुर में आयोजित धाकड़ समाज का सामाजिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर के आतिथ्य में सामुहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

समिति ने मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री नागर को निमंत्रण कार्ड देकर विवाह सम्मलेन में आने का न्यौता दिया, सम्मेलन समिति अध्यक्ष घासीलाल धाकड़ ने बताया है कि पूर्व संसदीय सचिव व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर, क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र गुर्जर, युवा संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़, प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह मंडलोई, महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया, सरपंच प्रियंका नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, सहित जयपुर समिति व अधिवेशन में आने वाले सभी समाज बंधु को विवाह सम्मलेन में आने के लिए आमंत्रित किया।

इस दौरान सम्मेलन समिति के अध्यक्ष घासीलाल धाकड़, पूर्व प्रधान पदम् नागर, एडवोकेट हंसराज धाकड़, समाज अध्यक्ष रमेश नागर, नवनीत नागर, जिलाध्यक्ष आसाराम धाकड़, ओमप्रकाश नागर, पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमराज नागर, मुकेश नागर, श्योराज, विकास धाकड़, विनोद नागर, मुकेश कुमार, अरुण कुमार, छीतर, सुरेश कुमार सहित सम्मेलन समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

# राज्यपाल बनने के बाद उपराष्ट्रपति से मिले सी.पी. राधाकृष्णन

## नई जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली औपचारिक मुलाकात, जनसेवा और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल|नई दिल्ली



संसद भवन में तमिलनाडु के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात राज्यपाल के रूप में दायित्व ग्रहण करने के बाद हुई, जिसे राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इस दौरान दोनों के बीच देशहित, सुशासन और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में राज्यों की भूमिका, बेहतर प्रशासनिक समन्वय और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह की औपचारिक मुलाकातें केंद्र और राज्यों के बीच संवाद को मजबूत करती हैं और नीति निर्माण में बेहतर तालमेल स्थापित करने में सहायक होती हैं। भेंट के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल रहा और दोनों नेताओं ने देश के समग्र विकास एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# ओलावृष्टि, तेज हवा और बारिश से गेहूं और सरसों की फसल तबाह





स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** तहसील क्षेत्र व आसपास के इलाकों मेंआसमानी आफत से एक बार फिर किसान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तेज हवा, ओला और बारिश ने खेतों में खड़ी पकी रबी की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बारिश से जहां खेतों में खड़ी फसल बिछ गई है तो खलियानों में कटी रखी सरसों, गेहूं जो,चना मशहूर जीरा आदि की फसल ओलावृष्टि से खराब और गीली हो गई। जिससे फसल के दानों पर विपरीत प्रभाव पडने़ की आशंका है। रविवार शाम से प्रारंभ हुआ पश्चिमी विक्षोभ का असर सोमवार तक देखने को मिला, जिसने किसानों को फिर आफत में डाल दिया है। नगर फोर्ट तहसील क्षेत्र में तेज बारिश से फसलों को 60 से 70 प्रतिशत नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। सोमवार संध्या से कडकड़ाहट और तेज हवा और ओलावृष्टि के साथ प्रारंभ हुई बारिश ने खेतों में खड़ी सरसों, गेहूं और चना की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है, हालांकि अधिकतर खेतों में सरसों फसल की कटाई लगभग हो चुकी है, लेकिन खलियानों में रखी फसल बारिश से गीली हो गई। ऐसी स्थिति में अगर मौसम साफ नहीं होता है तो फसल को ज्यादा नुकासन होने का अनुमान है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिली सूचनाओं के अनुसार इस बेमौसम बारिश से सभी किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

फसल की गुणवत्ता खराब होने पर बाजार में उचित दाम मिलने की संभावना भी कम हो जाती है, जिससे किसानों की आय प्रभावित होगी।तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल को नुकसान पहुंचाया है।कहीं बेर के आकार के ओलों ने गेहूं ,सरसों और चने की उम्मीदों को रौंद दिया, तो कहीं आकाशीय बिजली ने उपकरणों को खाक कर दिया। इस संकट के बीच किसानों की बेबसी और जीवटता की अनूठी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं।

### किसानों की बढ़ी चिंता

किसानों का कहना है कि उन्होंने पूरी मेहनत और लागत लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन इस बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब उन्हें अपनी उपज के खराब होने और आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है।

### राहत की मांग

प्रभावित किसानों ने सरकार से मुआवजा देने और नुकसान का सर्वे कराने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल में नवीन दायित्वों की घोषणा

**चित्तौड़गढ़।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांत बैठक भीलवाड़ा में गजाधर मानसिंह की धर्मशाला में केंद्रीय मंत्री चंद्रसिंह जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमें गुजरात राजस्थान के संगठन मंत्री रोहित दर्जी, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी सहित केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय बजरंग दल निम्बाहेड़ा जिलाध्यक्ष मनोज माली ने बताया कि प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात आगामी वर्ग पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न जिलों के नवीन दायित्वों की घोषणा भी की गई।

# असरार अहमद को असम चुनाव में ऑब्जर्वर बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोंद कोटा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद का सुकेत पहुँचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ साफा बाँध मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत और सम्मान किया साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि असम के चायगाव क्षेत्र विधानसभा चुनाव 2026 हेतु द्बृष्ट अल्पसंख्यक विभाग द्वारा गठित चुनाव समन्वय समिति के ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षक )पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद को दिए जाने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है इस दौरान असरार अहमद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा जो भी दिशा निर्देश हमें दिए जाएंगे हम ईमानदारी से उस कार्य को करने का अथक प्रयास पार्टी हित में करेंगे हमारे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रतिपक्ष नेता राहुल गाँधी जी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एम डी चौपदार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस के संगठन को कांग्रेस पार्टी की रीति नीति के माध्यम से महात्मा गांधी के आदर्श व सिद्धांतों को अपनाते हुए संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देने को कहा है।

साथ ही उन्होंने गांव ढाणी व बूथों के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित कर उन्हें मान सम्मान देखकर साथ लेकर चलने के बात कही जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व संगठन भी मजबूत होगा आगामी नगर पालिका,जिला परिषद एवं पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की जिसमें अब्दुल इस्लाम शेख सत्यनारायण मोहम्मद सलीम शेख मुराद अब्दुल रऊफ नियाज मंसूरी अब्दुल रईस राजेन्द्र मेघवाल अब्दुल राजा शाहरुख मंसूरी गौरव रेगर रफीक पठान हंसराज मीणा रईस खान उमेश मीणा जावेद खान बालचंद गुर्जर इश्तियाक मंसूरी अख़लाक़ खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कल्याण महोत्सव पर बूंदी में विशाल शोभायात्रा निकाली



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ बूंदी में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसके जरिए भगवान महावीर का अहिंसा का संदेश फैलाया गया। जैन धर्म ने युद्ध से जूझ रहे ईरान एवं अमेरिका से संयम बरतने की अपील की तो भगवान महावीर का जियो और जीने दो का संदेश भी आमजन तक पहुंचाया।

भगवान महावीर के जयघोषों से गूंजायमान बूंदी में महावीर जयंती पर सकल जैन समाज ने प्रभात फेरी एवं अहिंसा वाहन रैली निकाली। प्रभात फेरी से कार्यक्रम शुरू हुए। समाज जन हाथों में धर्मध्वज और भगवान महावीर के जयघोष करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरे। अहिंसा परमो धर्मः और महावीर स्वामी की जय के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। प्रभात फेरी चौगान गेट स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां सामूहिक रूप से भगवान के दर्शन किए। मंदिर परिसर में सकल जैन समाज अध्यक्ष महावीर धनोपया ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद समाज के पदाधिकारियों ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंगलाचरण किया। इसके बाद भव्य अहिंसा वाहन रैली निकाली। रैली ने पूरे शहर का ध्यान खींचा। रैली को सरावगी समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाशचंद पाटनी ने हरी झंडी दिखाई। रैली चौगान गेट से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः चौगान जैन मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्प वर्षा की। रैली में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए।

मुनि प्रज्ञान सागर महाराज संघ के सान्निध्य में मुख्य प्रवचन हुए। मुनि ने भगवान महावीर के जीवन दर्शन, उनके तप, त्याग और अहिंसा के सिद्धांतों का जिक्र किया। सरावगी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील बाकलीवाल, मंत्री योगेंद्र जैन, सकल जैन समाज संरक्षक ओमप्रकाश बड़जात्या, संजय श्रीमाल, मंत्री आदित्य भंडारी, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रेश छाबड़ा आदि मौजूद थे।

# संगीतज्ञ देहदानी डॉक्टर गोहदकर के परिजनों को सम्मानित किया



स्मार्ट हलचल| कोटा

ग्वालियर संगीत घराने के प्रतिष्ठित गुरु डॉक्टर प्रभाकर लक्ष्मण गोहदकर की इच्छा अनुसार देह व नेत्रदान करने पर उनके परिवार के सदस्यों का कोटा की संस्था देहदानी नेत्रदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्था व आनंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाला परिवार के द्वारा डॉक्टर गोहदकर की पत्नी श्रीमती कुमुदनी गोहदकर व उनकी पुत्री जयश्री ,राजश्री गोहदकर, दामाद डॉक्टर देश दीपक व परिवार के अन्य लोगों को डॉ विजय सरदाना के सानिध्य में संस्था के अध्यक्ष अरुण भार्गव, निदेशक आकाश भार्गव ने सम्मान पत्र भेंट करा व कोटा के समाजसेवी यज्ञ दत्त हाडा, सुनील अग्रवाल, डॉक्टर कुलवंत गॉड, राज दाधीच, रश्मि दाधीच, वैशाली भार्गव, डॉ विक्रांत माथुर, डॉ निधि सक्सेना, जय जैन, बिना जैन, डॉक्टर दीपक जोशी ,गोविंद राव, शांत देथावत, हरीश दीपचंदानी सुमित राजेश, डॉक्टर कंजोलिया, राजीव मल्होत्रा आदि ने दुपट्टा पहना कर शील्ड देकर व भक्ति रचना प्रस्तुत करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बड़े धूमधाम से निकाली भगवान महावीर की शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** बनेठा कस्बें में स्थित महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर में महावीर जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। समाज के हरीश जैन पाण्डया ने बताया कि अल सवेरे चन्द्रप्रभू जिनालय से भगवान महावीर के जयकारों के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। वही महावीर बिचला जैन मंदिर में मूलनायक महावीर स्वामी पर वृहत शांतिधारा करने का सौभाग्य निर्मल कुमार,सुरेन्द्र कुमार,अमन पाण्डया को प्राप्त हुआ। वही चंद्रप्रभु मंदिर में भगवान महावीर पर 108 रिद्धि स्वर्ण कलशों से महा मस्तकाभिषेक कर विश्व शांति की कामना की। तत्पश्चात जैन समाज द्वारा गाजे बाजे के साथ श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जहां भक्तों ने अपने घरों के बाहर भगवान को श्रीफल अर्घ्य चढ़ाकर अगवानी की।शोभायात्रा कस्बें के मुख्य मार्गो से होती हुई निर्मल कुंज पहुंची। जहां प्रतिष्ठाचार्य पंडित अनिल शास्त्री लावा के दिशा निर्देशन में महावीर विधान सम्पन्न हुआ। विधान समापन पर श्रीजी का कलशाभिषेक किया गया।

सायंकाल महावीर जिनालय में महाआरती की गई। इस अवसर पर तेजमल, नाथूलाल, प्रवीण पांडया, धर्मेन्द्र जैन, मनोज जैन, ललित जैन सहित समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

# सांगोद को मिली 17.82 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

स्मार्ट हलचल



**सांगोद।** राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की महत्वपूर्ण सौगात दी। सांगोद पंचायत समिति परिसर में आयोजित समारोह के दौरान मंत्री नागर ने विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए स्वीकृत और पूर्ण हो चुके लगभग 17 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से सड़क कनेक्टिविटी, सामुदायिक भवन और पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जो ग्रामीण जीवन के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जनता के प्रति अपनी जवाबदेही को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का मूल कर्तव्य जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास की किरण समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचे। जनता के अभावों को दूर करना और उनके हर छोटे-बड़े कार्य की चिंता करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि 'परिश्रम की पराकाष्ठा' करें। हमें मिलकर एक ऐसा सांगोद बनाना है, जहाँ सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी को भटकना न पड़े। खेतों के सुगम रास्तों से लेकर गांवों की इंटरलॉकिंग सड़कों तक, हर काम को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

विकास कार्यों के तकनीकी और प्रशासनिक विवरण पर प्रकाश डालते हुए उप प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं ने बताया कि राज्य वित्त आयोग के माध्यम से दर्जनों महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इन परियोजनाओं में ग्राम पंचायत खड़िया के गेहूँखेड़ी में श्मशान मार्ग पर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण, गुरायता और अमृतकुआं में सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार, तथा आँवा में चिकित्सा केंद्र का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गांवों में नए हैंडपंपों की स्थापना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट्स का भी लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहकारी क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, जिला महामंत्री नंदकिशोर मालव, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष धनराज मीणा, मण्डल अध्यक्ष मुरारी मेहता, चंद्रप्रकाश सोनी, सत्यवान नागर, हरिमोहन नागर, राजेन्द्र शर्मा, जगदीश शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, एवं विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की बिजली, सड़क और पानी से जुड़ी समस्याओं को सुना और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

# अवैध रूप से भंडारित 25 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कलेक्टर कमल राम मीना के कड़े निर्देशों पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने ब्यावर शहर में अवैध रिफलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ा है। सोमवार को जिला रसद अधिकारी (ष्ठस्0) अब्दुल सादिक के नेतृत्व में जांच दल ने दो अलग-अलग ठिकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए कुल 25 अवैध कमर्शियल (19 किग्रा) गैस सिलेंडर जब्त किए।

रसद विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया, जिसमें निम्नलिखित स्थानों पर उल्लंघन पाया गया: गायत्री नगर लिंक रोड : यहाँ 'बाबूलाल हलवाई' के ठिकाने से 08 कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए गए। विनोद नगर (मेवाड़ी गेट): 'सांवरिया केटर्स' पर कार्यवाही के दौरान 17 कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए गए।




## जांच में नहीं मिले वैध दस्तावेज

प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रान्त मक्रिया ने बताया कि इन दुकानदारों के पास सिलेंडर तो मिले, लेकिन इनके संबंध में कोई बिल, वाउचर या उपभोक्ता डायरी उपलब्ध नहीं थी। सिलेंडरों की प्राप्ति का कोई प्रमाणित स्रोत नहीं होने से यह स्पष्ट है कि इनकी खरीद-बिक्री अवैध तरीके से की जा रही थी।

'एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर यह कार्यवाही की गई है। जब्त किए गए सिलेंडर कपीश एचपी गैस के कार्मिक को सुपुर्द कर दिए गए हैं।' – जांच दल, रसद विभाग

## कलेक्टर न्यायालय में पेश होगा मामला

विभाग ने स्पष्ट किया कि इन दोनों प्रकरणों को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 के तहत माननीय जिला कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस के व्यावसायिक दुरुपयोग और कालाबाजारी पर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अधिकारीः अब्दुल सादिक (ष्ठस्0), सोहन सिंह (प्रवर्तन अधिकारी), विक्रान्त मक्रिया (प्रवर्तन निरीक्षक)।

अपील : विभाग ने उपभोक्ताओं से केवल वैध और सुरक्षित स्रोतों से ही गैस सिलेंडर खरीदने की अपील की है।

# बानसूर पंचायत समिति की बैठक में पेयजल संकट और अधूरी योजनाओं पर उठे सवाल



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को प्रधान सुमन सुभाष यादव की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। बिलाली सरपंच ने गांव में पेयजल संकट को गंभीर बताते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में कराई गई चार बोरिंग के बावजूद अब तक कनेक्शन और पानी की टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। नयाबास पंचायत समिति सदस्य पीसी रावत ने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। वहीं रामपुर पंचायत समिति सदस्य रामावतार शर्मा ने सड़क निर्माण और नियमित जल आपूर्ति की मांग रखी। मल्लूवास और इंद्राडा के जनप्रतिनिधियों नें क्षेत्र में पानी की किल्लत के चलते ग्रामीणों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा हैं। रामपुर सरपंच मुकेश जिलेवा ने वार्डो में लंबे समय से जारी जल संकट और जर्जर टंकी का मुद्दा उठाया। अंत में अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, कार्यवाहक विकास अधिकारी प्रदीप विरमानी,सीबीईओं राजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

# विद्यार्थी सम्मान एवं विदाई समारोह हुआ आयोजित



स्मार्ट हलचल | वैर

भुसावर गेट के पास गुरुकुल पब्लिक स्कूल वैर में विद्यार्थी सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित हुआ । सरस्वती मां को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किए गए जिसमें छात्राओं को द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए कार्यक्रम में कस्बा के नागरिकों का माला और साफा पहनाकरके सम्मानित किया गया। एवं 5 में, आठवीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए वअपने माता-पिता का गुरुजनों का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं को विद्यालय संस्था प्रधान मुकेश कुमार सैनी ने प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया । संस्था प्रधान मुकेश कुमार सैनी ने सभी गणमान्य नागरिकों का भी स्वागत किया गया। अध्यापकों ने काफी मेहनत के साथ बच्चों को शिक्षा दी अध्यापकों का भी सम्मान हुआ।

# महुवा देहात मंडल भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत प्रशिक्षण आयोजित

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** विधानसभा क्षेत्र के महुवा भाजपा देहात मंडल में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026' के समापन सत्र में सोमवार को दौसा जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रेलाव विधायक राजेंद्र मीणा के सानिध्य में समापन हुआ।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होते हैं कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही भाजपा पार्टी की रीति नीति से आम लोगों को अवगत कराकर उनके कल्याण के संबंध मैं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया जाता है इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने भाजपा से जुड़े समर्पित पदाधिकारियों एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनके विचार, अनुभव और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को नजदीक से जानने का अवसर मिलन अपना सौभाग्य बताया इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि आप सभी का जोश, समर्पण और प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है।



भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रेला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार हम सभी के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। ऐसे प्रशिक्षण शिविर संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई गति प्रदान करते हैं।

इस दौरान जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रैला, प्रदेश प्रवक्ता रवि पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू लता जाटव, दौसा जिला मंत्री विनीत बंसल, जिला मंत्री श्रीमती मिश्री देवी, पूर्व जिला मंत्री लाखन सिंह गुर्जर, देहात मंडल अध्यक्ष धारा सिंह पीपलखेड़ा सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 2 अप्रेल को

**गंगरार।** नगर के राजकीय महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा 2 अप्रेल को आयोजित की जाएगी। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोहन लाल मेघवाल ने बताया की बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की बैच वाइज सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई है। डॉ. मेघवाल ने विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री तथा प्रेक्टिकल रिकॉर्ड वर्क के साथ निर्धारित तिथि को समय से आधा घंटा पूर्व महाविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये है।

# पश्चिम रेलवे अंतर मंडलीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आरंभ

**चित्तौड़गढ़।** पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर मंडलीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ 30 मार्च को रतलाम में उत्साह के साथ हुआ।

जन सम्पर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों की टीमें जिसमें रतलाम, वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट, चर्चगेट मुख्यालय तथा मुंबई मंडल के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी टीमों के खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर रतलाम मंडल खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक डॉ. अश्वनी कुमार तथा सचिव पीयूष पांडे ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 30 मार्च को खेले गए मुकाबलों में रतलाम मंडल ने चर्चगेट मुख्यालय एवं अहमदाबाद मंडल को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। वहीं मुंबई मंडल ने राजकोट और वडोदरा मंडल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइ नल में रतलाम मंडल ने राजकोट मंडल को 3.0 से पराजित किया, जबकि मुंबई मंडल ने अहमदाबाद मंडल को 3.0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब 31 मार्च को रतलाम और मुंबई मंडल के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम रेलवे के कोच कलीम खान, मुंबई मंडल के प्रतिनिधि पंकज, राजकोट मंडल के डॉ. प्रणव, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक हरीश चंदवानी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# उप स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने किया शिलान्यास



स्मार्ट हलचल | बानसूर

निकटवर्ती ग्राम पंचायत लादूवास में सोमवार कों स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत नें नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि लादूवास क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया हैं। इस भवन का निर्माण लगभग 55 लाख रुपयें की लागत सें किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब गांव के लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अपने ही गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश के हर गांव तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें, ताकि किसी भी व्यक्ति को इलाज के अभाव में परेशानी न हो। इस उप स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से न केवल लादूवास, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इससे ग्रामीणों को समय पर उपचार मिल सकेगा। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहें। इधर विधायक देवीसिंह शेखावत ने नारायणपुर में निर्माणाधीन राजकीय बालिका कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेकर समयबद्ध निर्माण के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि यह भवन क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है। भवन तैयार होने पर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में पूर्व छात्रों व प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल

**जुरहरा।** सोमवार को जुरहरा कस्बे के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में पूर्व छात्रों व विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय में अच्छे अंकों से पास हुए विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कस्बा निवासी गजेंद्र सिंह जाट रहे। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अध्ययन करने वाले कक्षा 8वीं व कक्षा 5वीं में+ व ग्रेड पाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह जाट ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में प्रवेश दिलाएं। उन्होंने कक्षा 5वीं व कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिभावान बच्चों के साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य राधाकृष्ण दुबे, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, मोरमुकुट जैन, मदनमोहन माहौर, डॉ सोहनलाल शर्मा, मुकेश जसोरिया, शुभी जैन, हेमा खंडेलवाल सहित विद्यालय का स्टाफ और क़स्बे के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 32वीं अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता

## दूसरे दिन बून्दी का दबदबा, तैराकी और शूटिंग व एथलेटिक्स में झटके गोल्ड मेडल





स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया की दिनांक 30 मार्च, 2026 पुलिस परेड ग्राउण्ड बून्दी में आयोजित हो रही 32 वीं अंतर जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन रेंज के खिलाड़ियों ने अदम्य साहस और खेल कौशल व अनुशासन का प्रदर्शन किया। विभिन्न रोचक मुकाबलों के बीच बून्दी ने कई स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई और तैराकी, शूटिंग व एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

तैराकी में बून्दी के खिलाडी बालकृष्ण दीक्षित स.उ.नि. व संजय कानिस्टेबल ने 3 - 3 स्वर्ण व कोटा ग्रामिण के प्रवीण ने 3 स्वर्ण जीते जिसमें बून्दी तैराकी टीम प्रथम रही व ग्रामिण द्वितीय स्थान पर रही।

400 मीटर दोड़ प्रतियोगिता में बून्दी के लालाराम कानिस्टेबल प्रथम (स्वर्ण पदक) व बून्दी के ही पप्पूराम (सिल्वर पदक) द्वितीय रहे । व 4.400 रीले रेस मे बून्दी प्रथम व झालावाड़ द्वितीय स्थान पर रहै ।

झालावाड़ के सत्यनारायण कानिस्टेबल ने 800 व 1500 मीटर दोड़ में स्वर्ण पदक

लॉग जम्प व ट्रीपल जम्प में झालावाड़ के विरेन्द्र सिंह ने प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) व बून्दी के लालाराम ने द्वितीय स्थान राइफल शूटिंग में बून्दी ने जीते स्वर्णः- 200 गज राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में बून्दी के रोहित कानिस्टेबल स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान पर रहे वही 100 गज में बून्दी के बनवारी कानिस्टेबल स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान पर रहे । 15 गज शूटिंग में कोटा शहर के महावीर कानि. ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# श्रद्धा के साथ भराया गया बाबा गिरधारी दास महाराज का विशाल मेला



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बें के कल्याण सागर स्थित अमर बाबा गिरधारी दास महाराज का विशाल मेला शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मंदिर पर सुबह से ही दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रृद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद चढाकर मनोकामना पूर्ण होने की कामना की।बाबा की मढी ओर मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया। मंदिर परिसर व मेले में मंदिर कमेटी के सदस्यों व स्काउट गाइड के छात्रों ने सेवाएं दी। श्रृद्धालुओं को कतार में लगाकर दर्शन करवाने की जिम्मेदारी संभाली।बाबा की मढी पर जलाभिषेक करने के लिए श्रृद्धालुओं की होड़ लगी रही।मेले के दिन घरों में अमर बाबा गिरधारीदास महाराज की ज्योत देखी गई और घर व क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। मेले में विधायक देवीसिंह शेखावत ने बाबा के ढोक लगाकर क्षेत्र में सुख शांति की कामना की।मेले के दिन जगह-जगह पानी व शरबत की प्याऊ लगाई गई। मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीददारी की ओर झूलों का आनंद लिया। दोपहर बाद कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया तथा नरेश शेखावत की ओर से कामडे की 31 हजार रुपए की कुश्ती कराई गई। मेले में शान्ति व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। मेला कमेटी की ओर मेले में अपनी सेवाएं देने वालो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, थाना प्रभारी राजेश कुमार,नरेश सिंह शेखावत,कायम सिंह शेखावत, किशनलाल यादव, मुकेश शर्मा,सहित बड़ी संख्या में मेला कमेटी के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहें।

# 'जियो और जीने दो' के उद्घोष के साथ वर्धमान ग्रुप ने मनाया महावीर जन्मोत्सव

स्मार्ट हलचल | कोटा

'अहिंसा परमो धर्मः' और 'जियो और जीने दो' का कालजयी संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान' द्वारा भक्ति, शक्ति और सेवा का संगम प्रस्तुत किया गया। समूचे नगर को महावीरमय बनाने के संकल्प के साथ ग्रुप द्वारा भव्य शोभायात्रा और विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

## नेतृत्व और संकल्पः

यह संपूर्ण भव्य आयोजन ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती सीमा अरविंद बागड़िया के ओजस्वी नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए सूक्ष्म और प्रभावी कार्ययोजना सचिव श्वेता नवीन सेठिया जैन द्वारा तैयार की गई, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और भव्यता का अभूतपूर्व तालमेल देखने को मिला।




## मुख्य अतिथि एवं भव्य स्वागतः

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राकेश जी जैन माडिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा राकेश जी का भव्य स्वागत तिलक, माला और पगड़ी पहनाकर शाही अंदाज में किया गया। इस अवसर पर राकेश जी ने ग्रुप द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों और डॉक्टरों की निःस्वार्थ सेवा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और ग्रुप की एकता को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## भक्ति की अविरल धाराः भव्य शोभायात्रा

ग्रुप के सदस्य टिपटा स्थित नमीश्वर दिगंबर जैन मंदिर (गढ़ पैलेस) में एकत्रित हुए। यहाँ केसरिया और श्वेत परिधानों में सजे ग्रुप के दंपति सदस्यों का तिलक, पगड़ी और दुपट्टे के साथ शाही सम्मान किया गया। इसके पश्चात, गगनभेदी जयकारों और जैन ध्वजों की लहरों के बीच 'वर्धमान' का बैनर थामे सदस्य मुख्य शोभायात्रा के रूप में शामिल हुए।




## सेवा का अनुकरणीय उदाहरणः विशाल चिकित्सा एवं जाँच शिविर

दशहरा प्रांगण में आयोजित बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान सुरेश जी हरसौरा, श्रीमान निर्मल जी हरसोरा एवं श्रीमान अशोक जी बागड़िया द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएँ एवं निःशुल्क जाँचें:

शिविर में चिकित्सा जगत के विख्यात विशेषज्ञों ने अत्यंत कर्मठता और सेवाभाव से मरीजों को अपनी सेवाओं से लाभान्वित कियाः

डॉ. रोहित जैन (चाइल्ड स्पेशलिस्ट), डॉ. आर.के. जैन (अस्थमा विशेषज्ञ), डॉ. अंकेश जैन (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. खुशबू जैन (फिजिशियन), डॉ. विजय जैन खटोड़ एवं डॉ. पल्लवी जैन खटोड़ (डेंटिस्ट), डॉ. मयंक जैन (यूरोलॉजिस्ट) विशेष रूप से डॉ. मयंक जैन द्वारा शिविर में आए मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा शुगर, बीपी और थायराइड जैसी गंभीर बीमारियों की जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं, जिससे सैकड़ों निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ पहुँचा। डॉक्टरों ने न केवल परामर्श दिया बल्कि मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक भी किया।

## कृतज्ञता और एकता का संदेशः

कार्यक्रम के समापन पर सचिव श्वेता नवीन सेठिया जैन ने सभी डॉक्टरों, अतिथियों, कर्मठ संयोजकों और सक्रिय दंपति सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'वर्धमान' ग्रुप की यह एकजुटता और सेवा का जज्बा समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाला है।



# वास्तु दोष दूर करता है मोरपंख

**मोर बेहद खूबसूरत पंछी है। ज्योतिष, वास्तु, धर्म, पुराण और संस्कृति में मोर का अत्यधिक महत्व माना गया है। मोर पंख घर में रखने से अमंगल टल जाता है। आइए जानें 25 अनूठी बातें मोर पंख के बारे में.**

- मोर, मयूर, पिकॉक कितने खूबसूरत नाम है इस सुंदर से पक्षी के। जितना खूबसूरत यह दिखता है उतने ही खूबसूरत फायदे इसके पंखों के भी हैं। हमारे देवी -दवताओं को भी यह अत्यंत प्रिय हैं। मां सरस्वती, श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी, इन्द्र देव, कार्तिकेय, श्री गणेश सभी को मोर पंख किसी न किसी रूप में प्रिय हैं। पौराणिक काल में महर्षियों द्वारा इसी मोरपंख की कलम बनाकर बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गए हैं।
- मोर के विषय में माना जाता है कि यह पक्षी किसी भी स्थान को बुरी शक्तियों और प्रतिकूल चीजों के प्रभाव से बचाकर रखता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपने घरों में मोर के खूबसूरत पंखों को लगाते हैं।
- मोर पंख की जितनी महत्ता भारत के लोगों के लिए है शायद ही किसी अन्य देश के लोगों के लिए हो। हमारे यहां माना जाता है कि मोर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सबसे प्रभावशाली है।
- हालांकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पश्चिमी देशों के लोग मोरपंख को दुर्भाग्य का सूचक मानते थे। लेकिन मोर पंख की शुभता का अनुभव होने के बाद उसे शुभ चिन्ह के रूप में स्वीकार कर लिया गया।
- ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार मोर को 'हेरा' के साथ संबंधित किया जाता है। मान्यता के अनुसार आर्गस, जिसकी सौ आंखें थीं, उसके द्वारा हेरा ने मोर की रचना की।
- यही वजह है कि ग्रीक लोग मोर के पंखों को स्वर्ग और सितारों की निगाहों के साथ जोड़ते हैं।
- हिंदू धर्म में मोर को धन की देवी लक्ष्मी और विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़कर देखा जाता है।
- लक्ष्मी सौभाग्य, खुशहाली और धन धान्य व संपन्नता के लिए पूजी जाती हैं। मोर के पंखों का प्रयोग लक्ष्मी की इन्हीं विशेषताओं को हासिल करने के लिए किया जाता है। मोर पंख को बांसुरी के साथ घर में रखने से रिश्तों में प्रेम रस घुल जाता है।
- एशिया के बहुत से देशों में मोर के पंखों को अध्यात्म के साथ संबंधित किया जाता है। क्वान-यिन जो कि अध्यात्म का प्रतीक है का मोर से खास रिश्ता माना गया है। क्वान यिन : क्वान-यिन प्रेम, प्रतिष्ठा, धीरज और स्नेह का सूचक है। इसलिए संबंधित देशों के लोगों के अनुसार मोर पंख से नजदीकी अर्थात क्वान-यिन से समीपता मानी गई है।
- अगर आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो अपने शयनकक्ष में मोरपंख रखें, इससे पति पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है।
- यदि शत्रुता समाप्त करनी हो या कि शत्रु तंग कर रहे हो, तो मोरपंख पर हनुमान जी के मस्तक के सिंदूर से उस शत्रु का नाम मंगलवार या शनिवार रात्रि में लिखकर उसे घर के पूजा स्थल में रखें व सुबह उठकर उसे चलते पानी मे प्रवाहित कर आएं।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर की दक्षिण दिशा में स्थित तिजोरी में खड़ा करके रखने से कभी भी धन की कमी नहीं होती है।
- राहु का दोष होने पर मोरपंख घर की पूर्वी और उत्तर पश्चिम की दीवार पर लगाएं।
- अगर आपके घर में मोरपंख है तो आपके घर में कोई भी बुरी शक्ति प्रवेश नहीं कर पाती है। यह घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर में रखने से आपके घर के सारे दोष दूर हो जाते है।
- यदि मोर का पंख घर के पूर्वी और उत्तर-पश्चिम दीवार मे या अपनी जेब व डायरी मे रखा हो तो राहू कभी भी परेशान नहीं करता है। मोरपंख की पूजा करे या हो सके तो उसे हमेशा अपने पास रखे। मोरपंख को घर में रखने से परिवार के सदस्यों की सेहत भी अच्छी रहती है।
- ग्रहों के अशुभ प्रभाव होने पर मोरपंख पर 21 बार ग्रह का मंत्र बोलकर पानी का छींटें दें, और इसे श्रेष्ठ स्थान पर स्थापित करें जहां से यह दिखाई दे।
- आर्थिक लाभ के लिए किसी मंदिर में जाकर मोरपंख को राधा कृष्ण के मुकुट में लगाएं और 40 दिन बाद इसे लॉकर या तिजोरी में रख दें।
- बुरी नजर से बच्चों को बचाने के लिए नवजात बालक को मोरपंख चांदी के ताबीज में पहनाएं।
- घर के मुख्य द्वार पर 3 मोरपंख लगाकर ऊँ द्वारपालाय नम: जाग्रय स्थापयै स्वाहा मंत्र लिखें और नीचे गणेश जी की मूर्ति लगाएं।
- आग्नेय कोण में मोरपंख लगाने से घर के वास्तु दोष को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा ईशान कोण में कृष्ण भगवान की फोटो के साथ मोरपंख लगाएं।
- बौद्ध धर्म के अनुसार मोर अपनी अपने सारे पंखों को खोल देता है, इसलिए उसके पंख विचारों और मान्यताओं में खुलेपन का ही प्रतीक माने जाते हैं।
- ईसाई धर्म में मोर के पंख, अमरता, पुनर्जीवन और अध्यात्मिक शिक्षा से संबंध रखते हैं।
- इस्लाम धर्म में मोर के खूबसूरत पंख जन्नत के दरवाजे के बाहर अद्भुत शाही बगीचे का प्रतीक माने जाते हैं।
- यह भी विशेष गौर करने लायक तथ्य है कि घरों में मोरपंख रखने से कीड़े-मकोड़े घर में दाखिल नहीं होते।




# सुंदर कांड देता है मन को शांति, बढ़ाता है शुभ ऊर्जा

**महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पर आधारित महाकाव्य श्रीरामचरितमानस का पंचम सोपान है सुंदर कांड। इसमें रामदूत, पवनपुत्र हनुमान का यशोगान किया गया है, इसलिए सुंदर कांड के नायक श्री हनुमान को माना जाता हैं।**

सुंदर कांड का पाठ मन को शांति देने तथा शुभ ऊर्जा बढ़ाने का काम करता है। सुंदर कांड का नाम सुंदर कांड क्यों रखा गया...

दरअसल, जब हनुमान जी, सीता जी की खोज में लंका गए थे और लंका त्रिकुटांचल पर्वत पर बसी हुई थी। त्रिकुटांचल पर्वत यानी यहां 3 पर्वत थे। पहला सुबैल पर्वत, जहां के मैदान में युद्ध हुआ था। दूसरा नील पर्वत, जहां राक्षसों के महल बसे हुए थे। तीसरे पर्वत का नाम है सुंदर पर्वत, जहां अशोक वाटिका निर्मित थी। इसी वाटिका में हनुमान जी और सीता जी की भेंट हुई थी। सुंदर पर्वत पर ही सबसे प्रमुख घटना घटित होने के कारण इसका नाम सुंदर कांड रखा गया। सुंदर पर्वत पर ही अशोक वाटिका थी और इसी अशोक वाटिका में ही हनुमान और सीता जी का मिलन हुआ था इसीलिए इस कांड का नाम सुंदर कांड रखा गया। कहा जाता हैं कि यहां की घटनाओं में हनुमान जी ने एक विशेष शैली अपनाई थी।

वास्तव में श्रीरामचरितमानस के सुंदर कांड की कथा सबसे अलग है। संपूर्ण श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम के गुणों और उनके पुरुषार्थ को दर्शाती है। सुंदर कांड एकमात्र ऐसा अध्याय है, जो श्रीराम के भक्त हनुमान की विजय का कांड है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार सुंदर कांड का पाठ हम सभी को सुनना और पढ़ना चाहिए क्योंकि यह पाठ सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला तथा किसी भी प्रकार की परेशानी या संकट से आप घिरे हुए हो तो सुंदर कांड पाठ पढ़ने या सुनने से यह संकट तुरंत दूर हो जाता है। इतना ही नहीं यह प्रभु श्रीराम के परमभक्त श्री बजरंग बली की विजय का कांड होने से हम पर प्रभु श्रीराम, माता सीता तथा हनुमान जी की अनन्य कृपा प्राप्त होती है तथा हमारे मन को शांति मिलती है।

हनुमान जी जल्द ही प्रसन्न होने वाले देवता माने जाते हैं, अत: प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ करने वाले मनुष्य के जीवन से नकारात्मक शक्तियां भाग जाती है तथा यह पाठ बल, बुद्धि, एकाग्रता, आत्मविश्वास बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं और हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है इसके अलावा भी सुंदर कांड पाठ पढ़ने के बहुत सारे लाभ हैं। विद्यार्थियों को यह पाठ अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इसका विशेष लाभ मिलता है। यह आत्मविश्वास बढ़ाकर एक्जाम में अच्छे अंक दिलाने में मददगार है। यह मानसिक परेशानियां, व्याधियां, गृह क्लेश, ऋण/ कर्ज मुक्ति आदि कई समस्या में भी लाभदायी है।



# श्री कोत्तानकुलांगरा देवी मंदिर जहां पुरुषों को करना पड़ता है महिलाओं की तरह सोलह श्रृंगार

धर्म को लेकर हमारे देश में जहां तरह-तरह के प्रतबिंध लगाए गए हैं। देश में बहुत से मंदिर ऐसे हैं जिनमें महिलाओं का प्रवेश करने पर रोक होती है। ये मंदिर देश भर में इस तरह के लिए जाना जाता है कि यहां प्रवेश करने और पूजा करने के इच्छुक पुरुषों को बकायदा महिलाओं की ड्रेस में आना पड़ता है। इस मंदिर में उन्हें पूजा करने के लिए महिलाओं, किन्नरों पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पुरुष अगर इस मंदिर में पूजा अर्चना करना चाहता है तो उसे महिलाओं की तरह पूरा सोलह श्रृंगार करना पड़ता है। यह खास मंदिर केरल के कोल्लम जिले में हैं जहां पर श्री कोत्तानकुलांगरा देवी मंदिर में हर साल चाम्याविलक्कू त्यौहार मनाया जाता है। इस त्योहार में हर साल हजारों की संख्या में पुरुष श्रद्धालु आते हैं। उनके तैयार होने के लिए मंदिर में अलग से मेकअप रूम बनाया जाता है। पुरुष महिलाओं की तरह न केवल साड़ी पहनते है, बल्कि जूलरी, मेकअप और बालों में गजरा भी लगाते है। इस उत्सव में शामिल होने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। यही नहीं ट्रांसजेंडर भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में देवी की मूर्ति स्वयं प्रकट हुई थी। अपनी खास परंपरा के लिए दुनियाभर में मशहूर इस मंदिर के ऊपर कोई छत नहीं हैं। इस राज्य का यह ऐसा एकमात्र मंदिर है जिसके गर्भगृह के ऊपर छत या कलश नहीं हैं। ऐसी मान्यता है कि कुछ चरवाहों ने महिलाओं के कपड़े पहनकर पत्थर पर फूल चढ़ाए थे, जिसके बाद उस पत्थर से दिव्य शक्ति निकलने लगी। इसके बाद इसे मंदिर का रूप दिया गया। एक मान्यता यह भी है कि कुछ लोग पत्थर पर नारियल फोड़ रहे थे और इसी दौरान पत्थर से खून निकलने लग गया जिसके बाद से यहां देवी की पूजा होने लगी।



# इन 6 जगहों पर भूलकर भी न पहनकर जाएं रुद्राक्ष

**रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है।**

रुद्राक्ष का अर्थ है रुद्र का अक्ष। यानी भगवान रुद्र की आंखें। माना जाता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है। कहते हैं कि 6 जगहों पर रुद्राक्ष पहकर गए तो शिवजी नाराज हो जाएंगे।

- **श्मशान** - रुद्राक्ष की माला या रुद्राक्ष को किसी भी रूप में धारण करके शमशान नहीं जाना चाहिए। जो शमशान के संत होते हैं वे रुद्राक्ष के नियमों का पालन करते हैं।
- **मृत्यु वाले घर** - जहां पर किसी की मृत्यु हो गई हो वहां पर भी रुद्राक्ष पननकर न जाएं। यदि आपके घर में किसी परिजन की मृत्यु हो गई है तो रुद्राक्ष को उतारकर किसी उचित स्थान पर रख दें।
- **शौचालय या स्नानघर** - टॉयलेट या बाथरूम में रुद्राक्ष पहनकर नहीं जाते हैं। ऐसा करने से घोर पाप लगता है। यह शिवजी का अपमान माना जाएगा।
- **मांस मदिरा सेवन के समय** - रुद्राक्ष पहकर कर मांस भक्षण करना या शराब पीना वर्जित है। इसी के साथ ही बूचड़खाने में जाना या किसी शराब की दुकान पर जाना भी वर्जित है। जहां पर मुर्गा, बकरा आदि कटना या बनता है उस स्थान से भी दूर रहें।
- **बालक के जन्म पर** - जहां पर किसी बच्चे का जन्म हुआ हो और प्रसूता रहती हो वहां पर रुद्राक्ष पहनकर जाना वर्जित है। एक माह तक नियम का पानल करना चाहिए। ऐसी जगह पहनकर जाने से रुद्राक्ष निस्तेज हो जाता है।
- **शयन कक्ष** - सोने से पहले रुद्राक्ष को उतारकर उचित स्थान पर रख देना चाहिए। सोने के दौरान जहां रुद्राक्ष के टूटने का अंदेशा रहता है वहीं इससे रुद्राक्ष अशुद्ध और निस्तेज हो जाता है।




# चन्द्र घात के समय नहीं करना चाहिए कोई महत्वपूर्ण कार्य

**चंद्र घात विचार वैसे तो बहुत विस्तृत विषय है परंतु यहां पर आप संक्षिप्त में जान लें। पहले के समय में जन्म पत्रिका या कुंडली बनाते समय में घात चक्र का विवरण या सारणी भी दी जाती थी, परंतु आजकल नहीं दी जाती है। हालांकि इसको अब कोई महत्व भी नहीं देता है।**

- किस राशि के लिए कौन नक्षत्र, मास, तिथि, वार, प्रहर चन्द्र आपके लिए शुभ है या अशुभ है यह जानना ही चंद्र घात के अंतर्गत आता है।
- किसी राशि विशेष के लिए एक ही दिन तीन से ज्यादा घात मिले तो उस दिन सावधानी बरतनी चाहिए।
- इन सब प्राचीन घात सूत्रों को ध्यान में रखने से घटना को कुछ हद तक टाला जा सकता है या उस घटना की भयावता को कम किया जा सकता है।
- सिंह राशि के लिए तृतीया तिथि एवं उस दिन शनिवार विशेष घातक माना गया है।
- जीवन में जन्म से तृतीय, पंचम, सप्तम दशाएं कष्टकारक होती है। उसे ध्यान में रखकर ही कोई कार्य करें।
- मेष की पहली, वृष की पांचवीं, मिथुन की नौवीं, कर्क की दूसरी, सिंह की छठी, कन्या की दसवीं, तुला की तीसरी, वृश्चिक की सातवीं, धनु की चौथी, मकर की आठवीं, कुम्भ की ग्यारहवीं, मीन की बारहवीं घड़ी घात चन्द्र मानी जाती है।
- कहते हैं कि चंद्र घात में यात्रा करने पर, युद्ध में जाने पर, कोर्ट कचहरी में जाने पर, खेती कार्य आरंभ करने पर, व्यापार शुरू करने पर, घर की नींव लगाने पर घात चन्द्र वर्जित मानी गई है।
- घात चन्द्र में रोग होने पर मौत, कोर्ट में केस दायर करने पर हार और यात्रा करने पर सजा या झूठा आरोप और विवाह करने पर वैधव्य होने की शंका व्यक्त की जाती है।
- मेषादि द्वादश राशियों के लिए क्रमश: 1, 5, 9, 2, 6, 10, 3, 7, 4, 8, 11, 12 घात चन्द्र दोष होता है। जैसे मेष राशि वालों के लिए मेष का, वृषभ राशि वालों के लिए वृषभ से पंचम कन्या का शेष इसी प्रकार घात चन्द्रमा होता है।
- मेषादि राशियों के लिए क्रमश: कृत्तिका, चित्रा, शतभीषा, मघा, धनिष्ठा, आर्दा, मूल, रोहिणी, पूर्वाभाद्रपदा, मघा, मूल और पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्रों के क्रमश: 1-2-3-3-1-3-2-4-3-4-4 और 4 चरण नक्षत्र घात चरण होते हैं। राज सेवा, युद्ध और विवाद में घात चन्द्रमा वर्जित है।



# हरसिंगार का घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है

हरसिंगार के फूल बहुत ही सुंदर और सुगंधित होते हैं। यह घर आंगन की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसका घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है। बहुत ही आसानी से आप इसे किसी भी नर्सरी से खरीदकर अपने घर आंगन में लगाएं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि को निमंत्रण दें। आओ जानते हैं कि इसे घर आंगन में लगाने से क्या होगा।

- हरसिंगार का वृक्ष जिसके भी घर के आसपास होता है उसके घर के सभी तरह के वास्तुदोष दूर हो जाते हैं।
- हरसिंगार के फूलों को खासतौर पर लक्ष्मी पूजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है लेकिन केवल उन्हीं फूलों को इस्तेमाल किया जाता है, जो अपने आप पेड़ से टूटकर नीचे गिर जाते हैं। जहां यह वृक्ष होता है वहां पर साक्षात लक्ष्मी का वास होता है।
- हरसिंगार के फूलों की सुगंध आपके जीवन से तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भर सकने की ताकत रखते हैं। इसकी सुगंध आपके मस्तिष्क को शांत कर देती है। घर परिवार में खुशी का माहौल बना रहता है और व्यक्ति लंबी आयु प्राप्त करता है।
- हरसिंगार के ये अद्भुत फूल सिर्फ रात में ही खिलते हैं और सुबह होते-होते वे सब मुरझा जाते हैं। यह फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते हैं, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है।
- हृदय रोगों के लिए हरसिंगार का प्रयोग बेहद लाभकारी है। इस के 15 से 20 फूलों या इसके रस का सेवन करना हृदय रोग से बचाने का असरकारक उपाय है, लेकिन यह उपाय किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह पर ही किया जा सकता है। इसके फूल, पत्ते और छाल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है।
- हरसिंगार के फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते हैं, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है। इसके फूल तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भरने की क्षमता रखते हैं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com